आर.एन.आई. नं. 45080/85, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

आज
* भ. विश्वकर्मा जयंती
* गुरु हराय जयंती
* वीर तेजाजी जयंती

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 39 अंक 184 | इंदौर, शनिवार 31 जनवरी, 2026 | माघ शुक्ल 13/14 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-3.00 | www.awantika.com

## देश विदेश


### महात्मा गांधी की 78वीं पुण्यतिथि, मोदी ने श्रद्धांजलि दी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 30 जनवरी को 78वीं पुण्यतिथि थी। इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, पीएम मोदी समेत कई बड़े नेताओं ने राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा - राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी पुण्यतिथि पर मेरा शत-शत नमन। पूज्य बापू का हमेशा स्वदेशी पर बल रहा, जो विकसित और आत्मनिर्भर भारत के हमारे संकल्प का भी आधारस्तंभ है। उनका व्यक्तित्व और कृतित्व देशवासियों को कर्तव्य पथ पर चलने के लिए सदैव प्रेरित करता रहेगा। लोकसभा में नेता विपक्ष कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने एक्स पोस्ट में लिखा- राष्ट्रपिता ने हमें मूलमंत्र दिया कि सत्ता की ताकत से बड़ी सत्य की शक्ति होती है।

### ट्रम्प की धमकी पर ईरान ने कहा- हमारे 1000 ड्रोन तैयार

**तेहरान/वॉशिंगटन।** अमेरिका की सैन्य धमकी के बीच ईरान ने अपनी ताकत को लेकर बड़ा दावा किया है। ईरानी सेना का कहना है कि उसने जमीन और समुद्र से हमला करने वाले 1 हजार ड्रोन तैयार कर लिए हैं। यह बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ईरान पर और कड़े हमलों की चेतावनी दे चुके हैं। ट्रम्प के मुताबिक अमेरिकी युद्धपोत ईरान की तरफ बढ़ रहे हैं। ईरानी सेना का दावा है कि अगर अमेरिका हमला करता है, तो ड्रोन और मिसाइलों का यह नेटवर्क देश की रक्षा में अहम भूमिका निभा सकता है। ईरान के सेना प्रमुख मेजर जनरल अमीर हातामी ने कहा कि पिछले साल जून में हुए 12 दिन के संघर्ष के बाद ईरान ने अपनी सैन्य रणनीति बदली है।

### अक्षय कुमार मनी माइंडेड हैं



#### फिल्म फ्लॉप होने के बाद एक्टर ने फीस लौटाने से किया था मना

**मुंबई।** फिल्ममेकर और प्रोड्यूसर शैलेन्द्र सिंह ने एक्टर अक्षय कुमार को लेकर कहा कि वह मनी माइंडेड हैं। वह पहले बिजनेसमैन हैं और बाद में एक्टर हैं। शैलेन्द्र सिंह ने यह बात हाल ही में सिद्धार्थ कन्नन को दिए एक इंटरव्यू में कही। इंटरव्यू में शैलेन्द्र ने साल 2009 की फिल्म 8 x 10 तस्वीर से जुड़ा अपना अनुभव शेयर किया। उन्होंने यह कहा कि इस फिल्म की असफलता के बाद उन्होंने फिल्म बनाना छोड़ दिया था। शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि उनका बयान किसी निजी नाराजगी पर आधारित नहीं है। उन्होंने बताया कि अक्षय एक अच्छे इंसान हैं और दोनों के बीच रिश्ता ठीक था। उन्होंने बताया कि वे साथ में खेल भी खेलते थे। शैलेन्द्र ने कहा कि जब उन्हें अक्षय के साथ फिल्म बनाने का मौका मिला, तो वे बहुत खुश थे। उन्होंने बताया कि फिल्म 8 X 10 तस्वीर उस समय बनी थी जब अक्षय कुमार और डायरेक्टर नागेश कुकुनूर दोनों अपने करियर के अच्छे दौर में थे। शुरुआत में यह फिल्म 30 से 35 करोड़ रुपए के बजट में बनाई जानी थी। शूटिंग के लिए मुनार की जगह तय की गई, लेकिन अक्षय के व्यस्त शेड्यूल की वजह से प्लानिंग बदलती चली गई। शैलेन्द्र ने कहा, मुनार से हम कैलगरी गए, फिर केप टाउन गए और उसके बाद कई दूसरी जगहों पर शूटिंग हुई। उन्होंने बताया कि बार-बार लोकेशन बदलने से फिल्म का बजट काफी बढ़ गया। यह फिल्म अक्षय की सुपरहिट फिल्म सिंह इज किंग के तुरंत बाद रिलीज हुई थी, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म पूरी तरह फ्लॉप रही। फिल्म के फ्लॉप होने के बाद शैलेन्द्र ने अक्षय से उनकी फीस का कुछ हिस्सा वापस करने की बात कही। उन्होंने कहा, मैंने उनसे कहा कि भाई, आपकी फिल्म देखने कोई नहीं आया। आपको भी कुछ जिम्मेदारी लेनी होगी।

### साध्वी की संदिग्ध परिस्थिति में मौत के बाद समाधि दे दी

**बाड़मेर।** राजस्थान की कथावाचक साध्वी प्रेम बाईसा (23) की विवादित मौत के बाद आज उन्हें समाधि दी गई। बाईसा को बुधवार को जोधपुर के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया था। कुछ मिनटों बाद ही उन्होंने दम तोड़ दिया था। प्रेम बाईसा के पिता वीरमनाथ का दावा है कि उन्हें केवल मामूली जुकाम था। जोधपुर के ही आश्रम में उन्हें एक इंजेक्शन लगाया गया था, इसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई थी। हॉस्पिटल में मौत के बाद उनका एक कथित सुसाइड नोट सामने आया था। इसके बाद साध्वी से जुड़ा पुराना ब्लैकमेलिंग केस फिर चर्चा में आ गया है। वहीं, कई भक्तों ने उनके पिता की भूमिका पर भी सवाल उठाए हैं।

### लखनऊ में विमान की इमरजेंसी लैंडिंग

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के लखनऊ एयरपोर्ट से सऊदी अरब जा रहे एक विमान की शुक्रवार को इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। उड़ान के कुछ समय बाद विमान में तकनीकी दिक्कत आ गई थी। सूत्रों के मुताबिक, जब विमान मुंबई के पास पहुंचा, तब केबिन प्रेशर में समस्या आ गई। इसके चलते कुछ यात्रियों को सांस लेने में परेशानी होने लगी। हालात देखते हुए पायलट ने पहले मुंबई एयरपोर्ट से संपर्क कर लैंडिंग की अनुमति मांगी, लेकिन वहां से परमिशन नहीं मिली। इसके बाद पायलट ने लखनऊ एयरपोर्ट से संपर्क किया। लखनऊ से इमरजेंसी लैंडिंग की अनुमति मिलते ही विमान वापस लौट आया। करीब 82 मिनट में विमान सुरक्षित रूप से लखनऊ एयरपोर्ट पर उतरा।

---

ग्वालियर में घने कोहरे के बीच सड़क हादसा, भिंड रोड हाईवे पर तेज रफ्तार ट्रक ने वैगनआर कार को मारी जोरदार टक्कर

## कार के परखच्चे उड़े, 4 की मौत, क्रेन की मदद से शवों को निकाला

दैनिक अवन्तिका ▶▶ ग्वालियर

ग्वालियर में शुक्रवार सुबह घने कोहरे के बीच सड़क हादसा हो गया। भिंड रोड हाईवे पर बंटू ढाबा के सामने तेज रफ्तार ट्रक ने वैगनआर कार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि कार सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में दो महिलाएं और दो पुरुष शामिल हैं। सभी भिंड जिले के हैं। सुबह करीब 8 बजे जैसे ही इनकी कार बंटू ढाबा के पास पहुंची, पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने कार को रौंद दिया। पुलिस के मुताबिक, मृतकों की पहचान सौरभ शर्मा निवासी मेहगांव (भिंड), ज्योति यादव (भिंड), भूरे प्रजापति (गोरमी) भिंड और उमा राठौर पत्नी पतिराम राठौर, निवासी मोरोली भिंड के रूप में हुई है।



### पेपर देने जा रहा था सौरभ रास्ते में मिली सवारी

सौरभ बीएससी एग्रीकल्चर का पेपर देने आगरा जा रहा था। कार उसके भाई की है। रास्ते में उसे ग्वालियर के लिए सवारी मिल गई, जिनकी हादसे में मौत हो गई। ज्योति की बहन नीलम यादव ने बताया कि हमें सुबह सूचना मिली थी कि मालनपुर में एक्सीडेंट हुआ है। कार में मेरी बहन भी आ रही थी। उसे मथुरा जाना था, इसलिए वह गोरमी से निकली थी। ज्योति के 2 बच्चे हैं। वह अकेली घर से निकली थी। सौरभ के भाई अंकित ने बताया कि सुबह करीब 6 बजे सौरभ घर से निकला था। उसकी उम्र 24 साल थी। परिवार में 2 भाई और एक बहन है। बता दें आज सुबह ग्वालियर में विजिबिलिटी 200 से 500 मीटर तक थी। टक्कर के बाद ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क के दाहिने हिस्से में झाड़ियों में जा घुसा। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस ने चारों शवों को कार से बाहर निकालकर कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिए।

### ट्रक छोड़कर ड्राइवर के फरार होने से यातायात प्रभावित

प्रारंभिक जांच में हादसे की वजह घना कोहरा और तेज रफ्तार बताई जा रही है। फिलहाल पुलिस ट्रक चालक की तलाश कर रही है और पूरे मामले की जांच जारी है। इस हादसे के बाद इलाके में कुछ देर के लिए यातायात भी प्रभावित रहा।

---

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण कल बजट में कर सकती हैं बड़ी घोषणाएं

## 300 नई ट्रेनों की घोषणा संभव

### 13 लाख तक की कमाई टैक्स फ्री हो सकती है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को बजट में बड़ी घोषणाएं कर सकती हैं। इनकम टैक्स की नई रिजीम में स्टैंडर्ड डिडक्शन 75 हजार से बढ़ाकर 1 लाख रुपए किया जा सकता है। इससे सैलरीड लोगों की 13 लाख रुपए की इनकम टैक्स-फ्री हो जाएगी। अभी 12.75 लाख रुपए तक कि इनकम टैक्स फ्री है।

**क्यों हो सकती है घोषणा-** उद्योग संगठन कंफेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री यानी, सीआईआई ने सरकार को सुझाव दिया है कि खपत बढ़ाने के लिए लोगों के हाथ में ज्यादा पैसा छोड़ना जरूरी है। टैक्स छूट बढ़ने से लोगों की 'पर्चेजिंग पावर' बढ़ेगी। इससे इकोनॉमी को फायदा होगा। सरकार पुरानी टैक्स रिजीम को नई टैक्स रिजीम से बदलना चाहती है। इसके लिए नई टैक्स रिजीम को फायदेमंद बनाए रखना जरूरी है। इसी मकसद से नई रिजीम में सैलरी पाने वालों के लिए स्टैंडर्ड डिडक्शन बढ़ाया जा सकता है।

**फायदा:** मिडिल क्लास के हाथ में आने वाला पैसा बढ़ेगा। महीने में कुछ हजार रुपए की बचत हो सकती है। ये खर्च, सेविंग या निवेश में काम आएगी।

- **किसान सम्मान निधि: 50% बढ़ सकती है सालाना रकम-** पीएम-किसान योजना की राशि 6 हजार से 9 हजार रुपए सालाना की जा सकती है। बीते 3 साल से इसे बढ़ाने की बात हो रही है।
- **खर्च का गणित:** फिलहाल करीब 11 करोड़ लोगों को किसान सम्मान निधि मिल रही है। केंद्र सरकार हर साल इस पर 60 हजार से 65 हजार करोड़ रुपए खर्च करती है। इसे बढ़ाकर 9 हजार रुपए सालाना करने पर यह खर्च बढ़कर करीब 95 हजार करोड़ सालाना हो जाएगा।
- **फायदा:** देश के करीब 11 करोड़ किसान परिवारों को इसका फायदा मिलेगा। 3 हजार रुपए की एक्स्ट्रा राशि से किसान अपनी खेती की छोटी-मोटी जरूरतों को पूरा कर सकेंगे।

### योगी 40 दिन में हिंदू होने का प्रमाण दें- अविमुक्तेश्वरानंद

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

प्रयागराज माघ मेला छोड़ने के बाद शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरकार पर तीखे हमले कर रहे हैं। उन्होंने शुक्रवार को वाराणसी में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा- मुझसे शंकराचार्य होने का प्रमाण पत्र मांगा गया, मैंने वह दे दिया। मेरे प्रमाण सच्चे थे, इसलिए उन्हें मानना पड़ा। अब प्रमाण मांगने का समय पीछे छूट गया। अब मुख्यमंत्री को अपने हिंदू होने का प्रमाण देना चाहिए। उन्होंने कहा- हम आपको 40 दिन का समय दे रहे। इन दिनों में आप गो-भक्त होने का प्रमाण दीजिए। अगर प्रमाण नहीं दे पाते, तो समझा जाएगा कि आप नकली हिंदू, कालनेमि, पाखंडी और ढोंगी हैं।

फर्जी क्लेम का पर्दाफाश

### 50 लाख का मुआवजा मांगने वाला केस खारिज, तीन साल बाद खुला सच

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

एक कथित सड़क हादसे में पैर गंवाने का दावा कर 50 लाख रुपए मुआवजे की मांग करने वाले ट्रक ड्राइवर का क्लेम केस जिला कोर्ट ने खारिज कर दिया। करीब तीन साल चली सुनवाई के बाद इंश्योरेंस कंपनी की सख्त जिरह और ठोस तथ्यों से यह मामला फर्जी साबित हो गया। कोर्ट ने माना कि दुर्घटना संदिग्ध है और पैर कटने का कारण किसी अन्य वजह से जुड़ा हो सकता है।

मामला ट्रक ड्राइवर जगदीश पिता भेरू (22) निवासी सैलाना रतलाम का है। उसने 9 नवंबर 2023 को जिला न्यायालय में क्लेम केस दायर किया था। याचिका में कहा गया कि 7 जुलाई 2023 को वह राजस्थान के सन सिटी ट्रांसपोर्ट के मालिक मुकेश चौधरी का ट्राला लेकर देवास से बांसवाड़ा जा रहा था। इसी दौरान सरवन थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार ट्राले ने उसके ट्रक को टक्कर मार दी, जिससे उसका दायां पैर गंभीर रूप से घायल हुआ और इलाज के दौरान घुटने के ऊपर से उसे काटना पड़ा।

ड्राइवर ने खुद को 15 हजार रुपए मासिक आय वाला बताते हुए स्थायी अपंगता के आधार पर 50 लाख रुपए मुआवजा ब्याज सहित देने की मांग की थी। इसके लिए ट्राले के मालिक, चालक और इंश्योरेंस कंपनी को पक्षकार बनाया गया था।

---

### क्रैश हुई चांदी, 67,000 गिरकर 3.32 लाख पर आई

#### सोना 15 हजार रुपए सस्ता, 1.54 लाख रुपए पर आया, वजह मुनाफा वसूली




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गोल्ड और सिल्वर मार्केट में 30 जनवरी को गिरावट रही। प्रॉफिट बुकिंग के कारण एमसीएक्स पर चांदी 67 हजार रुपए (17%) गिर गई। 1 किलो चांदी का भाव 3.32 लाख रुपए पर आ गया। हालांकि अभी इसमें थोड़ी रिकवरी है और ये 12% गिरकर 3.51 लाख पर है। एमसीएक्स पर सोने में भी आज 15 हजार रुपए (9%) की गिरावट है। 10 ग्राम सोना 1.54 लाख रुपए पर आ गया था। सोना अब थोड़ा रिकवर हुआ है और ये 3% नीचे 1.64 लाख रुपए पर ट्रेड कर रहा है। वहीं सोने और चांदी के ईटीएफ में आज 23% तक की गिरावट दर्ज की गई है। सर्राफा बाजार में चांदी 22,825 रुपए और सोना 6,865 रुपए सस्ता हुआ है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार एक किलो चांदी की कीमत 3,57,163 रुपए किलो पर आ गई है। वहीं 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 1,68,475 रुपए पर आ गया है।

अजित पवार के प्लेन कैप्टन सुमित के दोस्त बोले

### उनकी ड्यूटी नहीं थी, पायलट ट्रैफिक में फंसा इसलिए बारामती गए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार की 28 जनवरी को प्लेन क्रैश में मौत हो गई थी। उनके अलावा कैप्टन सुमित कपूर, को-पायलट कैप्टन शांभवी पाठक, फ्लाइट अटेंडेंट पिंकी माली और अजित पवार के सुरक्षा गार्ड विदिप जाधव की भी जान चली गई।

प्लेन की कमान 62 साल के कैप्टन सुमित के हाथों में थी। उनका गुरुवार को दिल्ली के पंजाबी बांग में अंतिम संस्कार किया गया। एनडीटीवी के मुताबिक, इस दौरान उनके दोस्तों ने बताया कि हादसे वाले दिन प्लेन उड़ाने की ड्यूटी सुमित की नहीं थी। प्लेन का पायलट ट्रैफिक में फंसा था। हादसे से सिर्फ कुछ घंटे पहले सुमित को ऑर्डर मिला कि उन्हें मुंबई से बारामती तक अजित पवार को चुनावी रैली के लिए ले जाना है। सुमित सीनियर और अनुभवी पायलट थे। उनके पास करीब 20 हजार घंटे उड़ान का एक्सपीरिएंस था।



#### हाथ में पहने ब्रेसलेट से शव की पहचान हुई


28 जनवरी की सुबह करीब 8 बजे, कपूर ने लियरजेट 45 प्लेन से उड़ान भरी। यह विमान दिल्ली की कंपनी श्रफवेंचर्स का था। करीब 8.45 बजे, बारामती एयरपोर्ट के पास लैंडिंग के दौरान हादसा हो गया। शव इतनी बुरी तरह जल चुके थे कि पहचानना मुश्किल था। एनडीटीवी के मुताबिक, सुमित के शव की पहचान उनके ब्रेसलेट से हुई। परिवार ने बताया कि सुमित ने स्प्रिंगडेल्स और एयरफोर्स बाल भारती से पढ़ाई की थी। इसके बाद कनाडा में एडवांस फ्लाइट ट्रेनिंग ली।

### मप्र नागर ब्राह्मण युवा परिषद का प्रदेश स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट एक फरवरी को

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

मध्य प्रदेश नागर ब्राह्मण युवा परिषद एवं युवा परिषद शाखा उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में श्री अष्टविनायक क्रिकेट ट्रॉफी का आयोजन दिनांक 1फरवरी 2026 को उज्जैन में होने जा रहा है। प्रदेश स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट आईबीएस ग्लोबल स्कूल के मैदान मुनि नगर दो तालाब के पास खेला जाएगा जिसमें मध्यप्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से नागर ब्राह्मण समाज की 12 टीमें में भाग ले रही है जिनमें उज्जैन, इंदौर, शाजापुर, खंडवा, देवास, रतलाम शामगढ़, नलखेड़ा, राऊ, इकलेरा, लसुड़िया, मड़ावदा की टीम मैच खेलने उज्जैन पहुचेगी।

टूर्नामेंट में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली विजेता टीम को 3100 रु. नगद एवं ट्राफी वहीं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 2100 रु. नगद एवं ट्राफी प्रदान की जाएगी। टूर्नामेंट का पहला मैच प्रातः 7 बजे प्रारंभ होगा। आयोजक नागर ब्राह्मण युवा परिषद के प्रदेश अध्यक्ष कृष्णकांत व्यास, युवा परिषद शाखा उज्जैन के अध्यक्ष अमित नागर, महासचिव अतुल मेहता ने सभी समाजजनों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में मैदान में उपस्थित होकर प्रदेश और स्थानीय खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर आयोजन को सफल बनाएं।




सुप्रीम कोर्ट का सभी राज्यों को निर्देश

## हर स्कूल में नि:शुल्क उपलब्ध कराएं सैनेटरी पैड

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों को निर्देश दिया है कि हर स्कूल में सेनेटरी पैड होना जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट ने सभी सरकारों को आदेश दिया कि लड़कियों के लिए स्कूल में अलग टॉयलेट की सुविधा उपलब्ध करानी चाहिए। तीन माह के अंदर इस आदेश का पालन करने को कहा गया है।

कोर्ट ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 21 के अंतर्गत जीवन के अधिकार में मासिक धर्म स्वास्थ्य का अधिकार भी शामिल है। सुरक्षित, प्रभावी और किफायती मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन उपायों तक पहुंच एक बालिका को यौन और प्रजनन स्वास्थ्य के उच्चतम स्तर तक पहुंचने में सहायता करती है। स्वस्थ प्रजनन जीवन के अधिकार में यौन स्वास्थ्य से संबंधित शिक्षा और जानकारी तक पहुंच का अधिकार भी जुड़ा है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस निर्णय से सिर्फ कानूनी व्यवस्था से जुड़े लोगों के लिए नहीं है। यह कक्षाओं के लिए भी है। यहां पर लड़कियां सहायता मांगने में झिझकती हैं। यह फैसला उन शिक्षकों के लिए भी है, जो मदद करना चाहते हैं, मगर संसाधनों की कमी की वजह से ऐसा नहीं कर पाते।



### उनके शरीर को बोझ की तरह देखा जाता है: कोर्ट

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह उन माता-पिता के लिए है, जिन्हें शायद अपनी चुप्पी के असर का एहसास नहीं है और समाज के लिए है, ताकि यह साबित हो सके कि प्रगति का माप इस बात से होता है कि हम सबसे कमजोर लोगों की रक्षा किस तरह से करते हैं। हम हर उस बच्ची को संदेश देता चाहते हैं जो शायद इसलिए स्कूल से अनुपस्थित रहने की शिकार हुईं, क्योंकि उनके शरीर को एक बोझा की तरह देखा जाता है। इसमें किसी तरह की गलती नहीं है। ये शब्द कोर्ट और कानूनी समीक्षा रिपोर्टों से परे होकर समाज की आम चेतना तक पहुंचना जरूरी है।

## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का गुरुवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## स्व. भंसाली को श्रध्दांजलि अर्पित

**उज्जैन।** शा.क.उ.मा.वि. धानमण्डी के सेवानिवृत शिक्षक सतीश भंसाली के पिता अनंत नारायण भंसाली के निधन पर सम्पूर्णा भारद्वाज प्राचार्य की अध्यक्षता में महेश पंडित, किशोर कुमार भाटी, हरिहर पंड्या भगवान लाल चन्द्रवंशी, प्राचार्य भरत व्यास, राधामोहन अग्रावत, राजेन्द्र शर्मा, नेमीचंद मारोठिया, सज्जन सिंह सेन, मदन मोहन अग्रावत, सुरेश चन्द्र गेहलोत, विमल काका महेश्वरी आदि ने श्रध्दा सुमन अर्पित किये।

स्व. श्री भंसाली कर्त्तव्य निष्ठ शिक्षक के रूप सदैव समाज सेवा तत्पर रहते थे। आपने शा.मा.वि. नयापुरा क्र. 1 में लगातार 15 वर्षों तक सेवा दी।

## कर वसूली तेजःबढ़े क्षेत्रफल पर संपत्ति कर वसूलेगा निगम

**उज्जैन।** उज्जैन नगर निगम अब शहर में बढ़े हुए क्षेत्रफल पर संपत्ति कर नहीं चुकाने वाले होटल, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, सिनेमा हॉल और मकान मालिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगा। राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि जहां भी नाप में बढ़ा हुआ क्षेत्रफल पाया जाएगा, वहां अनिवार्य रूप से संपत्ति कर वसूला जाएगा। गुरुवार को हुई समीक्षा बैठक में अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह और उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल ने संपत्ति कर विभाग को वसूली प्रतिशत बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर के बड़े होटलों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, मकानों और सिनेमा हॉल सहित अन्य संपत्तियों की दोबारा नाप की जाए। जो अतिरिक्त निर्माण या बढ़ा हुआ क्षेत्रफल रिकॉर्ड में दर्ज नहीं है, उसे दर्ज कर नए बिल जारी किए जाएं।

अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह ने यह भी निर्देश दिए कि संपत्ति कर के बड़े बकायादारों से सीधे संपर्क कर बकाया राशि वसूली जाए। जिन संपत्ति स्वामियों द्वारा लगातार कर जमा नहीं किया जा रहा है, उनके खिलाफ तालाबंदी और कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि शहर में कई स्थानों पर घरेलू संपत्तियों का उपयोग व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए किया जा रहा है। ऐसे मामलों में संबंधित उपभोक्ताओं से वाणिज्यिक दर से संपत्ति कर वसूला जाएगा। बैठक में ट्रेड लाइसेंस की भी समीक्षा की गई। निर्देश दिए गए कि शहर के सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और दुकानों का फील्ड सर्वे कर अनिवार्य रूप से ट्रेड लाइसेंस बनाए जाएं। इसके लिए ट्रेड लाइसेंस का अमला मैदान में उतरकर दुकानों का सर्वे करेगा।

## 15 लाख की लागत से साडू माता बावड़ी के पास बनेगा सार्वजनिक शौचालय महापौर ने किया भूमि पूजन



**उज्जैन।** 15 लाख रुपए की लागत से वार्ड क्रमांक 1 में साडू माता बावड़ी के पास सार्वजनिक शौचालय का निर्माण किया जाएगा जिसका भूमि पूजन गुरुवार को महापौर मुकेश टटवाल द्वारा क्षेत्रीय पार्षद निकिता परमानंद मालवीय एवं क्षेत्र वासियों की उपस्थिति में संपन्न किया गया । साडू माता बावड़ी मुख्य मार्ग से होते हुए देवनारायण मंदिर पहुंच मार्ग तक सीमेंट कांक्रीट रोड निर्माण हेतु महापौर द्वारा एस्टीमेट बनाए जाने के दिए निर्देश दिए।उक्त कार्य स्वच्छ भारत मिशन 2.0 मद की राशि से निगम द्वारा 15 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा जिसमें महिला एवं पुरुष शौचालय की 05- 05 यूनिट का निर्माण किया जाएगा। सिंहस्थ महापर्व को दृष्टिगत रखते हुए चौराहे पर नागरिकों की भीड़ रहेगी साथ ही यहां पर शौचालय भी नहीं था इसलिए उक्त स्थल पर शौचालय का निर्माण किया जाएगा साथ ही संधारण कार्य निर्माण कार्य करने वाली एजेंसी का रहेगा।

इस दौरान कार्यपालन यंत्री जगदीश मालवीय उपयंत्री जीपी डेहरिया, शिवम गुप्ता, अतुल सक्सेना, राजकुमार, राहुल, दुर्गेश, महेश, पुजारी झीतूसिंह गुर्जर उपस्थित थे।

ई-रिक्शा नहीं जिंदगी की गाड़ी चला रही है उज्जैन में महिलाएं
महाकाल लोक बनने के बाद मिला रोजगार,
शहर की 50 से ज्यादा महिलाओं ने थामा ई-रिक्शा का स्टेरिंग..

# कौन कहता है? महिलाएं रिक्शा नहीं चला सकती...



हर्षिता



माधुरी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

भारत के दूसरे शहरों की तरह उज्जैन में भी अब महिलाएं ई रिक्शा की ड्राइविंग सीट पर बैठकर पूरे आत्मविश्वास से ई-रिक्शा,व ऑटो चलाती दिखाई देती हैं। अब उज्जैन में 50 से अधिक महिलाएं यात्रियों को उनकी मंजिल तक पहुंचा रही है। और यह सब महाकाल लोक बनने के बाद हो पाया है।

महाकाल लोक बनने के बाद बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। इस वजह से शहर के हजारों लोगों को रोजगार मिल रहा है। महाकाल लोक बनने के बाद 50 से अधिक महिलाएं ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार को पाल रही है ऐसे ही उज्जैन के आगर रोड स्थित कालोनी में रहने वाली एक महिला और उसके 8 साल के बच्चे को उसका पति छोड़कर चला गया था और जब कहीं काम नहीं मिला तो महिला ने ई-रिक्शा खरीदा और खुद चलाकर अपने परिवार का पालन पोषण कर रही है।

> कमाई से बच्चे को अच्छी शिक्षा दिलाएंगे ताकि वह पढ़ लिखकर बड़ा आदमी बन सके कुछ महिलाओं का कहना है कि कमाने वाला कोई नहीं था इसलिए ई-रिक्शा चलाकर परिवार को पाल रही है

### बेटे को कुछ बनाने की है ललक...

बचपन से कोई डॉक्टर, कोई इंजीनियर, कोई खिलाड़ी, कोई टीचर तो कोई नेता बनने के सपने देखता है। प्रत्येक बच्चे के दिमाग में बचपन से ही कुछ बनने की ललक लग जाती है। हालांकि ज्यादातर मामलों में हालात के चलते व समय बीतने के साथ-साथ व्यक्ति के सपने भी बदलने लगते हैं। इसके बावजूद कई बार जिंदगी में ऐसी स्थिति आ जाती है जब व्यक्ति को अपने सपनों को खत्म करके परिस्थितियों के आगे घुटने टेकने पड़ते हैं। समाज में कई ऐसे पुरुष या महिलाएं हैं जिन्हें परिस्थितियों के आगे घुटने टेकने पड़े, वह बनना तो क्या चाहते थे लेकिन हालातों ने उन्हें कहा लाकर खड़ा कर दिया। इस तरह की कहानी उज्जैन में ई-रिक्शा चलाने वाली महिलाओं की है उनका कहना था कि मैं पढ़ाई करती थी लेकिन आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने की वजह से मेरी पढ़ाई छूट गई और मां-बाप ने मेरी शादी कर दी अब मेरी कमाई से बच्चे को अच्छी शिक्षा दिलाऊंगी ताकि वह पढ़ लिखकर बड़ा आदमी बन सके। कुछ महिलाओं का कहना है कि कमाने वाला कोई नहीं था इसलिए ई-रिक्शा चलाकर परिवार को पाल रही है ।

ई रिक्शा चलाकर अपना गुजारा करने वाली हर्षिता गोयल निवासी नलिया बाखल ने बताया कि पिछले ढाई वर्षो से वह ई रिक्शा चलाकर अपने परिवार का पालन पोषण कर रही है वह किराए से ई रिक्शा लेती है और पूरे दिन ई रिक्शा चलती है सीजन में अच्छी सवारी मिल जाती है हर्षिता ने आगे बताया कि वह अविवाहित है तथा घर पर कमाने वाला कोई नहीं था तो वह खुद काम करने लग गई और ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार को पाल रही है।

### कमाने वाला कोई नहीं था ई-रिक्शा चलाकर परिवार को पाल रही

इसी तरह आगर रोड मोहन नगर निवासी सीमा वर्मा ने बताया कि वह भी ई-रिक्शा चलती है सीमा ने आगे बताया कि उसकी शादी हो चुकी है और उसका एक 9 साल का बच्चा है जिसका नाम राजवीर वर्मा है उसके पति उसको छोड़कर चले गए। इस कारण घर पर कमाने वाला कोई नहीं था और बच्चे का पालन पोषण करने के लिए सीमा ने ई-रिक्शा चलाना शुरू किया और लोन लेकर ई-रिक्शा खरीदा और उसके बाद से ही वह ई-रिक्शा चलाकर खुद का और अपने बच्चे का पालन पोषण कर रही है वह चाहती है कि उसका बच्चा अच्छी पढ़ाई करें और अधिकारी बने।

### बेटी को डॉक्टर बनाना चाहती है

इसी तरह पांड्या खेड़ी निवासी पूजा लिंबावद ने बताया कि उसके पति मिस्त्री का कार्य करते हैं तथा पति की कमाई में घर का खर्च नहीं चल पा रहा था बच्चों की पढ़ाई भी नहीं हो पा रही थी इस कारण उसने खुद का रोजगार शुरू किया और किराए का ई-रिक्शा लेकर चलाने लगी अब उसकी घर की आर्थिक स्थिति भी सुधर गई है और उसके बच्चों को वह अच्छे स्कूल में पढ़ा रही है पूजा का कहना था कि वह उसके लड़के राजवीर को पढ़ाकर सेना में भेजना चाहती है तथा लड़की को डॉक्टर बनाना चाहती है।



पूजा

### छोटे भाई को कुछ बनाने की ललक

इसी तरह शास्त्री नगर निवासी माधुरी चौहान ने बताया कि उसकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है और परिवार की जिम्मेदारी भी उस पर है। इसलिए वह भी पिछले दो-तीन साल से ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का पालन पोषण कर रही है। उसके पास इतने पैसे नहीं है कि वह खुद का ई-रिक्शा खरीद सकें। किराए से ई-रिक्शा लेकर चलाती है। माधुरी ने आगे बताया कि वह अविवाहित है ।उसके परिवार में उसकी मां है और एक छोटा भाई है छोटे भाई को पढ़ा लिखाकर कुछ बड़ा आदमी बनना चाहती है।

घर में कोई कमाने वाला नहीं था इसलिए खुद का रोजगार शुरू किया और किराए से ई-रिक्शा लेकर चलाने लगी। इतनी आमदनी हो जाती है कि परिवार का गुजारा हो जाता है और उसका जीवन अच्छा चल रहा है।

## ओलावृष्टि के बाद तेज हवाओं ने ठंड बढ़ाईः न्यूनतम पारा 12 डिग्री

### किसानों की फसल बर्बाद, ठंडी हवाओं ने सबको प्रभावित किया



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

उज्जैन में हुई ओलावृष्टि के चलते शहर में सर्द हवाओं ने ठंड बढ़ा दी है। गुरुवार सुबह से बादलों ने डेरा जमा रखा था, जिसके चलते ठंडी हवाएं शहर में चल रही हैं। तेज हवाओं के कारण आम लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पहाड़ी इलाकों में हो रही बर्फबारी और उत्तर की ओर से आ रही सर्द हवाओं के कारण मालवा क्षेत्र में काफी ठंडक महसूस हो रही है।

शहर में रविवार रात को पारा 12 डिग्री था, जो अगले ही दिन सोमवार रात को बढ़कर 16 डिग्री पहुंच गया। लेकिन मंगलवार और बुधवार को कई क्षेत्रों में हुई बारिश और ओलावृष्टि के कारण रात का तापमान फिर गिर गया।

बीती रात पारा 4 डिग्री गिरा और बुधवार रात को न्यूनतम तापमान 12 डिग्री दर्ज किया गया। जिसके चलते गुरुवार सुबह से ही शहर में ठंडक और सर्द हवाएं बनी हुई हैं। सुबह कई लोग अलाव जलाकर ताप लेते दिखे, जबकि दोपहिया वाहनों पर निकलने वाले लोग ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़ों में लिपटे नजर आए और तरह-तरह के जतन कर रहे थे।

### करीब आधा घंटा हुई थी बारिश

मंगलवार शाम को जिले में तेज हवा के साथ हुई बारिश के चलते घट्टिया और तराना तहसील के ग्राम बनड़ा, बमोरी और आसपास के गांवों में कई किसानों की फसल बर्बाद हो गई। करीब आधे घंटे तक चली बारिश से लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया। इसका असर गुरुवार को भी देखने को मिला।

## चक्रतीर्थ के घाटों पर 30 लाख की लागत से होगा सौंदर्यीकरण



**उज्जैन।** चक्रतीर्थ विकास एवं सौंदर्यकरण कार्य के अंतर्गत नगर पालिक निगम द्वारा चक्रतीर्थ पर राशी रुपए लगभग 01 करोड़ से अधिक की लागत से विकास एवं सौंदर्य करण के कार्य किए गए हैं साथ ही यहां आने वाले नागरिकों के बैठने के लिए नवीन स्टील की कुर्सियां लगाई जाने का कार्य भी किया गया है इसी के साथ चक्रतीर्थ के नीचे के घाटों एवं स्थलों पर भी 30 लाख रुपए की लागत से सौंदर्यकरण एवं जीर्णोद्धार के कार्य किए जाएंगे गुरुवार को महापौर श्री मुकेश टटवाल द्वारा अधिकारियों के साथ चक्रतीर्थ का निरीक्षण करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री श्री जगदीश मालवीय उपस्थित रहे।

## खेलो एमपी यूथ गेम्स राज्यस्तरीय योगा प्रतियोगिता के लिए खुशी का चयन



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

योगा कनक श्रृंगा एवं स्पोर्ट्स एसोसिएशन की होनहार खिलाड़ी खुशी जायसवाल का चयन खेलो एमपी यूथ गेम्स राज्यस्तरीय योगा प्रतियोगिता जो कि उज्जैन में दिनांक 30 से 31 उज्जैन में आयोजित होगी। इस अवसर पर विजय चौहान (दौलतगंज मंडल अध्यक्ष), अपूर्व देवड़ा ,शैलेन्द्र द्रोणावत, मनोज राठौड़, संस्था सचिव व कोच संतोष सोलंकी आदि द्वारा पुष्पमाला पहनाकर बधाई दी।

## सिंहस्थ 2028: सदावल में जून तक तैयार होंगे 4 नए हेलीपैड

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

बड़नगर रोड पर सिंहस्थ क्षेत्र के सदावल में हेलीपैड का निर्माण अंतिम चरणों में हैं। दावा यह कि जून तक प्रोजेक्ट कंप्लीट कर हैंडओवर कर दिया जाएगा। यानी सिंहस्थ की तैयारियों के सिलसिले में आने वाले वीआईपी व अन्यों के हेलीकाप्टर भी यहां उतर सकेंगे। सिंहस्थ को दृष्टिगत रखते हुए हवाई सेवा की सुविधाओं में विस्तार के क्रम में सदावल में करीब 13 करोड़ की लागत से लोनिवि चार हेलीपैड का निर्माण कर रहा है। इनमें से तीन का निर्माण पूरा हो गया है। चौथे का थोड़ा बहुत काम बचा है।



करीब 1600 मीटर की बाउंड्री वाल पूर्व में ही यहां बना दी गई। लाउंज की व्यवस्था भी यहां रहने वाली है। माना जा रहा है कि इन हेलीपैड के यहां बनने से सिंहस्थ में वीआईपी मूवमेंट आसानी से हो सकेगा। वर्तमान में शहर में पुलिस लाइन में एक हेलीपैड हैं, जो कि सिंहस्थ क्षेत्र व महाकालेश्वर मंदिर से दूर हैं।

**शिप्रा के पास हेलीपैड की जरूरत पड़ रही थी:** ऐसे में पुराने शहर में खासकर मेला क्षेत्र में शिप्रा के नजदीक व श्री महाकालेश्वर मंदिर के आसपास हेलीपैड की जरूरत महसूस की जा रही थी। क्योंकि सिंहस्थ 2028 में बड़ी संख्या में कई वीआईपी का आना जाना हवाई मार्ग से भी होगा। इसी को ध्यान में रखते हुए बड़नगर मार्ग के सदावल में हेलीपैड निर्माण के प्रोजेक्ट की रूपरेखा बनी थी जो अब अंतिम चरणों में हैं।

# सकारात्मक व स्वस्थ वातावरण प्रदान करने की शासकीय योजनाः घरौंदा

**पं राहुल शुक्ल ▸▸ उज्जैन**

वर्तमान समय मे पारिवारिक द्वंद एक प्रमुख समस्या चल रही है जिसका प्रभाव घर के छोटे बच्चों के दिलो - दिमाग पर बहुत गहरा हो रहा है। माता - पिता के बीच होनेवाले झगडे , और अधिक विपरीत प्रभाव डालते हैं जब बच्चा दिव्यांग हो और घर पर ही अधिकांश समय व्यतीत कर रहा हो। शासन ने दिव्यांग बच्चों के पुनर्वास की बहुत सी स्कीम चला रखी हैं किन्तु जानकारी के अभाव मे दिव्यांग बच्चे व उनके परिजन इनका लाभ नही ले पाते और परिणामस्वरूप दिव्यांग बच्चे का न तो ढंग से बौद्धिक उन्नयन हो पाता है और न ही वह स्वावलंबी बन पाता है। इन सभी परेशानियों के सन्दर्भ मे स्थानीय नानाखेडा स्थित सर्वोदय एज्युकेशन सोसायटी व समेकित क्षेत्रीय कौशल विकास पुनर्वास एवं दिव्यांग सशक्तिकरण केन्द्र छतरपुर द्वारा एक तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ पर्यावरणविद दिव्यांग शशांक शुक्ला ने किया।

### शासन की घरौंदा योजना

दिव्यांग जनो की घरौंदा योजना की जानकारी देते हुए कमला पुनर्वास केन्द्र की संचालक डॉ परवीनासिंह ने दैनिक अवंतिका को बताया कि जिन परिवार मे दिव्यांग बच्चा है और परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। दिव्यांग बच्चे के पिता शराब या अन्य नशे के आदी हैं और घर मे कलह होती रहती है तो ऐसे घर मे बच्चे को स्वस्थ वातावरण नहीं मिल पाता अतः बच्चे को स्वस्थ वातावरण मुहैया कराने के लिए शासन की घरौंदा योजना है जिसमे दिव्यांग बच्चे और उसकी मां के लिए रहने की व्यवस्था होती है।



### दिव्यांग बच्चा अब बोझ नहीं

डॉ परवीनासिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि कुछ घरों मे दिव्यांग बच्चे को बोझ समझ लिया जाता है किन्तु शासन ने दिव्यांग बच्चे के लिए राशन की व्यवस्था की है और अब वह परिवार पर बोझ नहीं है। दिव्यांगजनो के लिए शासन ने पेंशन की व्यवस्था भी की है जिससे उसका जीवनयापन ताउम्र हो सकता है। कार्यशाला मे दिव्यांग बच्चे के संवेग व भावनाओ को समझने की जानकारी अभिभावकों को लखनऊ से पधारे विद्वान जसविन्दरसिंह सलूजा और छतरपुर के विशेष शिक्षक आकाश साहू व राजबहादुर ने दी । कार्यशाला मे मध्यप्रदेश सहित राजस्थान, महाराष्ट्र व छत्तीसगढ के प्रतिभागियों ने सहभागिता की।

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

नं. 1 क्षेत्रीय अखबार

# दैनिक अवन्तिका



## न्यूज ब्रीफ

### 9वीं व 11वीं के लेटरल एंट्री परीक्षा 7 फरवरी को

**उज्जैन।** घट्टिया, तराना और उज्जैन तहसील की कक्षा 9वीं एवं 11वीं की लेटरल एंट्री परीक्षा सत्र 2026 हेतु प्रवेश परीक्षा 7 फरवरी को पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय घट्टिया में होगी। प्राचार्य ने बताया कि 11वीं का परीक्षा समय सुबह 11 से 1.30 बजे तथा 9वीं का सुबह 11.45 से 1.45 बजे तक रहेगा।

### जिला पंचायत सीईओ श्रेयांस कुमट के साथ वन मंडलाधिकारी ने किया शेड का निरीक्षण



**उज्जैन।** जिला पंचायत सीईओ श्रेयांस कूमट एवं जिला वन मंडलाधिकारी अनुराग तिवारी द्वारा पंचक्रोशी मार्ग के सोडंग में प्रगतिरत स्थाई शेड का निरीक्षण कर कार्य को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विभागीय अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे ।

### कलेक्टर ने ली में बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक

**उज्जैन।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के मार्गदर्शन में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में श्रम विभाग, सामाजिक न्याय विभाग, आईटीआई कॉलेज, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष और सदस्यगण, रोजगार विभाग, विशेष किशोर पुलिस इकाई, महिला सेल, शासकीय संस्थाओं बाल गृह, शासकीय बालिका गृह, शासकीय संप्रेक्षण गृह, शासकीय वन स्टॉप सेंटर, अशासकीय संस्थाओं मातृछाया शिशु गृह, अशासकीय बाल गृह / बालिका गृह सेवाधाम एवं आईसीपीएस, महिला एवं बाल विकास से अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे।जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्री ब्रजेश त्रिपाठी से प्राप्त जानकारी अनुसार कलेक्टर श्री सिंह के निदेर्शानुसार सभी संस्थाओं के अधीक्षकों के लिए एवं आईसीपीएस टीम के लिए जे जे एक्ट एवं नियम निदेर्शों के अधीन बच्चों के सर्वोत्तम हित को सुनिश्चित किया जाने के लिए निर्देश दिए।

## निगम गलियारों से... प्रशासनिक लापरवाही के चलते मिल रहा है अव्यवस्था का संकेत

# कंट्रोलिंग ऑफिसर का मतलब बदल गया है या बदला जा रहा है?

### इंदौर नगर निगम में जिम्मेदारियों की खिचड़ी और बिगड़ती व्यवस्था

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर नगर निगम में इन दिनों एक अजीब प्रयोग चल रहा है। जिन एडिशनल कमिश्नरों को सिर्फ सफाई व्यवस्था की मॉनिटरिंग के लिए कंट्रोलिंग ऑफिसर बनाया गया था, उनसे अब सीवरेज, जलप्रदाय, अतिक्रमण, सफाई और अन्य तमाम कार्यों का पूरा लेखा-जोखा मांगा जा रहा है।

हैरानी की बात यह है कि अब तक जितने भी कमिश्नर आए, उन्होंने कंट्रोलिंग ऑफिसर की भूमिका को सिर्फ निगरानी तक सीमित रखा। यही वजह थी कि व्यवस्था संतुलित रहती थी। लेकिन पहली बार ऐसा हो रहा है जब सभी एडिशनल कमिश्नरों को जोनवार सर्वगुण-संपन्न अधिकारी बना दिया गया है। सीवरेज से लेकर पानी, अतिक्रमण और सफाई तक सब कुछ उन्हीं के हवाले। हर एडिशनल कमिश्नर के पास पहले से ही उनके अपने विभागीय दायित्व हैं। अब जब वे सुबह से रात तक जोन की हर समस्या में उलझे रहेंगे, तो उनके मूल विभागों का क्या होगा? इस सवाल पर न तो कोई स्पष्ट नीति है, न ही कमिश्नर स्तर पर गंभीर मंथन दिखाई देता है।बल्कि ऐसा प्रतीत होता है कि किसी ने जानबूझकर कमिश्नर को गुमराह किया है, ताकि जिम्मेदारियों का यह बोझ सिस्टम को भीतर से कमजोर कर दे।

### स्वच्छ भारत मिशन की पुरानी व्यवस्था क्यों थी कारगर?

स्वच्छ भारत मिशन के दौरान हमेशा एक एडिशनल कमिश्नर को पूरी सफाई व्यवस्था की कमान दी जाती थी। वही टेंडर, वेस्ट मैनेजमेंट, मॉनिटरिंग और जवाबदेही देखते थे। और सहयोग के लिए अन्य एडिशनल कमिश्नरों को जोनवार जिम्मेदारी दी जाती थी। इस मॉडल का फायदा यह था कि कहीं भी गंदगी या लापरवाही होती, तो तुरंत सुधार संभव था।लेकिन अब यह संतुलन पूरी तरह उलट दिया गया है। एडिशनल कमिश्नरों पर इतना अधिक बोझ डाल दिया गया है कि व्यवस्था चौपट होने से कोई नहीं बचा सकता।

**इनके विभागों का क्या?** सबसे बड़ा सवाल यही है कि एडिशनल कमिश्नरों के अपने विभागों का क्या होगा? इसका जवाब फिलहाल किसी के पास नहीं है। और जैसा कि निगम में कहा जा रहा है। अब तो भगवान ही मालिक हैं।

### केंद्रीय रेल राज्यमंत्री और यूपी के मंत्री महाकाल मंदिर पहुंचे



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

महाकाल मंदिर में शुक्रवार तड़के केंद्रीय रेल एवं जल शक्ति राज्य मंत्री वी. सोमन्ना और उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री केपी मलिक परिवार के साथ भस्म आरती में शामिल होने पहुंचे। दोनों ने करीब दो घंटे तक नंदी हॉल में बैठकर भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया। केंद्रीय रेल एवं जल शक्ति राज्य मंत्री वी. सोमन्ना सपत्नीक प्रातः होने वाली भस्म आरती में शामिल होने के लिए सुबह चार बजे महाकाल मंदिर पहुंचे। भस्म आरती के दौरान उन्होंने भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया। इस दौरान नंदी हॉल में नंदी का पूजन किया और पुजारी के माध्यम से जल अर्पित किया। आरती के बाद वी. सोमन्ना और केपी मलिक ने देहरी से दर्शन कर भगवान का पूजन-अर्चन किया।

## एक हादसे ने उतार दिया मेकअप

# अफसर आपस में भिड़े, व्यवस्था टूटी, तेजी से बिखरता नगर निगम

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर नगर निगम की चमक-दमक को अगर कोई आधिकारिक नाम दिया जाए तो शायद उसे पोस्टर मॉडल गवर्नेंस कहा जाना चाहिए।

बाहर से सब कुछ इतना उजला कि आंखें चौंधिया जाएं, भीतर झांकिए तो व्यवस्था ऐसे बिखरी हुई जैसे किसी ने फाइलों की अलमारी को जानबूझकर भूकंप में छोड़ दिया हो। भागीरथपुरा की घटना इसी भूकंप का पहला झटका थी, जिसने यह भ्रम तोड़ दिया कि सब कुछ नियंत्रण में है।

दरअसल नियंत्रण सिर्फ विज्ञापनों में था, जमीन पर नहीं। इस घटना के बाद नगर निगम की आंतरिक हालत ऐसी हो गई, मानो कोई सामूहिक मौन अनशन चल रहा हो..अधिकारी आपस में बोल नहीं रहे, विभाग एक-दूसरे से कटे हुए हैं और जिम्मेदारी को ऐसे इधर-उधर धकेला जा रहा है जैसे कोई बोझिल फाइल हो, जिसे हाथ लगाना भी जोखिम भरा हो। स्थिति इस कदर बिगड़ चुकी है कि जिस विभाग को हमेशा ह्लकमाऊह्व कहा जाता रहा, वहां कमाई का मतलब अब राजस्व नहीं, बल्कि रस्साकशी समझा जाने लगा है। कार्यालय के भीतर दो अधिकारियों का आमने-सामने उलझ जाना, निगम के स्वास्थ्य की लाइव रिपोर्ट थी,जिसमें नाड़ी भी अनियमित थी और धड़कन भी।




शहर की सड़कों पर यह अव्यवस्था किसी गोपनीय दस्तावेज की तरह छिपी नहीं है। अवैध कब्जे अब अवैध नहीं लगते, वे तो स्थायी नागरिक बन चुके हैं। फुटपाथों और सड़कों के दोनों ओर ठेलों की ऐसी बाढ़ है कि सड़कें खुद को गली समझने लगी हैं। रिमूवल विभाग में ऊपर बैठे अधिकारी एक अवैध गुमटी पर हाथ डालने से पहले उतना नहीं सोचते जितना एक संभावित फोन कॉल की घंटी के बारे में सोच रहे हैं।

### मेट्रो स्टेशन के आड़े रहे अवैध कब्जे व्यवस्था को चिढ़ा रहे हैं

इसी बीच वर्षों से धूल खा रही काली फाइलें अचानक चमकने लगी हैं,क्योंकि उन्हें शहर सुधारह्व के लिए नहीं, बल्कि व्यक्तिगत भविष्य सुधार योजनाह्व के तहत बाहर निकाला गया है, क्योंकि आपदा में वो अवसर मिल गया है,जिसका इंतजार भी लंबे समय से था। इसके ठीक विपरित वाली वित्तीय हालत की बात करें तो नगर निगम की स्थिति उस मरीज जैसी है, जिसे आईसीयू की जरूरत है, लेकिन इलाज सिर्फ मेकअप से किया जा रहा है। राजस्व बढ़ाने की जिम्मेदारी जिस तंत्र पर है, वहां लूप लाइन में पड़े भ्रष्ट अधिकारियों की वापसी के साथ खुद के लिए वसूली आधारित जाल बिछा दिया गया है। नतीजा यह होगा कि टैक्स का पूरा बोझ फिर उसी ईमानदार नागरिक के कंधे पर रहेगा, जो पहले ही महंगाई और अव्यवस्था से जूझ रहा है, जबकि प्रभावशाली वर्गों के लिए नगर निगम खुद लाल कालीन बिछाकर खड़ा है मानो नियम उनके स्वागत में हों। यह पूरी कहानी किसी एक घटना या एक विभाग की नहीं है।

### अब शहर में हो सकेगी आईएएस स्तर के अफसरों की भी ट्रेनिंग

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

प्रदेश में उज्जैन और ग्वालियर में एक डिजाइन में राजस्व का राज्य स्तरीय प्रशिक्षण संस्थान बनने जा रहा है। शासन ने दोनों ही स्थानों के लिए एक आर्किटेक्ट नियुक्त किया, जो कि डिजाइन फाइनल करने में जुटा है। उज्जैन में न केवल पटवारियों की बल्कि राजस्व विभाग से जुड़े सभी अधिकारियों की ट्रेनिंग हो सकेगी।

जिला प्रशासन में नजूल के अधिकारी आलोक चौरे ने बताया कि शासन ने लालपुर के पटवारी स्कूल को राज्य स्तरीय प्रशिक्षण संस्थान के रूप में डेवलप करने का निर्णय लिया है। इसी क्रम में ग्वालियर के आला अधिकारियों की टीम हाल ही में उज्जैन आकर निरीक्षण करके गई हैं। तय हुआ है कि दोनों ही शहरों में एक ही डिजाइन का प्रशिक्षण संस्थान बनेगा। जल्द डिजाइन फाइनल होकर आएगी। इसके बाद आगे की प्रक्रिया शुरू होगी। लालपुर के पटवारी स्कूल के पास वर्तमान में 8 बीघा जमीन में से 2 बीघा पर निर्माण है। विस्तार के लिए 4 बीघा अतिरिक्त चाहिए, ताकि परिसर 12 बीघा होकर निर्माण हो सके।

### अधिकारों के प्रति जागरूक बनाने पर मिलेंगे पुरस्कार

**उज्जैन।** राज्य व संभाग स्तरीय पुरस्कार योजनांतर्गत उपभोक्ताओं को अधिकारों के प्रति जागरूक बनाने तथा उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान करने वाले स्वैच्छिक उपभोक्ता संगठनों, व्यक्तियों एवं छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य एवं संभाग स्तरीय पुरस्कार दिए जाते है। यह पुरस्कार विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस 15 मार्च 2026 के अवसर पर दिए जाएंगे।

# आरटीओ के विरोध में 100 से अधिक बस खड़ी की

## स्लीपर कोच बसों पर रोक लगाए जाने से यात्री रहे परेशान

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

आरटीओ द्वारा स्लीपर कोच बसों पर अचानक रोक लगाए जाने से आक्रोशित टूरिस्ट बस आपरेटरो ने गुरुवार को विरोध स्वरूप 100 से अधिक बसे सामाजिक न्याय परिसर में खड़ी कर दी। टूरिस्ट बस आपरेटर एसोसिएशन ने कहा कि स्लीपर कोच बसों पर रोक लगाते हुए बसों को आरटीओ द्वारा बंद कर दिया गया। जिसके कारण गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। इस निर्णय से केवल बस मालिक ही नहीं, बल्कि टूरिस्ट एजेंट, गाइड, ड्राइवर व स्टाफ, धर्म यात्रा से जुड़े छोटे व्यवसाय सहित कई अन्य लोग भी प्रभावित हो रहे हैं। जिसके चलते बसों को अस्थाई रूप से रोक दिया गया है।

टूरिस्ट बस ऑपरेटरों ने कहा ये सभी बसें उज्जैन में ही आरटीओ द्वारा विधिवत पास की गई थीं। ऐसे में इन्हें बिना पूर्व सूचना या समय दिए एकदम से बंद कर देना व्यवसायिक रूप से भी और नैतिक रूप से भी उचित नहीं है। इस निर्णय से केवल बस मालिक ही नहीं, बल्कि टूरिस्ट एजेंट, गाइड, ड्राइवर व स्टाफ, धर्म यात्रा से जुड़े छोटे व्यवसाय सहित कई अन्य लोग भी प्रभावित हो रहे हैं। हजारों परिवारों की आजीविका इस कार्य पर निर्भर है। साथ ही, इससे धार्मिक यात्राओं की व्यवस्था पर भी सीधा प्रभाव पड़ रहा है।



टूरिस्ट बस ऑपरेटर एसोसिएशन ने सभी संबंधित विभागों से निवेदन किया हैं कि इस निर्णय पर पुनर्विचार किया जाए और उचित समाधान निकाला जाए, ताकि रोजगार और धार्मिक यात्राओं दोनों की व्यवस्था सुचारू रूप से चल सके। इस निर्णय की वजह से धार्मिक यात्राएं और बारातों का आवागमन काफी प्रभावित हो गया है।

एसोसिएशन के सदस्य भावन कालरा ने बताया कि फ्लड ने जिन बसों को 2019 में 2 बाय 2 सीट का फिजिकल चेक कर फिटनेस पास किया उसका रजिस्ट्रेशन किया गया। 6 साल तक बस चलती रही 28 दिसम्बर 2025 तक ऐसे सभी बसों का रजिस्ट्रेशन किया गया। अब कुछ बसों में हुई घटना को लेकर एकाएक आरटीओ ने रोक लगाकर कहा कि सभी बसों को 2 बाय 1 करना होगा। उज्जैन में कुल 839 ऐसी बसें है जिनको आरटीओ ने ब्लॉक कर दिया। अगर आरटीओ के नियम से बसों को मोडिफाइड करवाया गया तो कम से कम 7 से 10 लाख रुपए खर्चा आएगा।

# तीन दिवसीय कार्यशाला आयोजित

## रासायनिक खेती से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में बताया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के निर्देशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री श्रेयांस कूमट के मार्गदर्शन में गुरुवार को म.प्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत गठित स्व सहायता समूह के सदस्यों के माध्यम से संचालित सुगमता महिला फॉर्मर प्रॉड्यूसर कंपनी एवं सहयोगी संस्था ऋहइ द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र में मुख्य रूप से आलू की फसल के साथ साथ अन्य फसलों की समस्या, समाधान एवं कृषि के नवीन यंत्रों एवं प्राकृतिक खेती पर 3 दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तारतम्य में आधुनिक कृषि यंत्रों की जानकारी एवं उनके उपयोग पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही प्राकृतिक खेती के मुख्य घटक बीजामृत, जीवामृत, घनजीवामृत, नीमास्त्र ,पांचपत्ती अर्क और मल्चिंग के उपयोग से होने वाले लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई एवं रासायनिक खेती से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में बताया गया 'कार्यक्रम में म.प्र राज्य ग्रामीण आजीविक मिशन के डीपीएम श्री अमित बृजवानी, कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख डॉ. ए.के. दीक्षित, डॉ. रेखा तिवारी, डॉ. सविता कुमारी एवं परियोजना संचालक के.एस.कैन., संस्था के कार्यक्रम अधिकारी श्री जितेंद्र सिंह, केन्द्रीय कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान बुधनी से अनीश कुमार मालवीय, मोहन एवं सुगमता महिला फॉर्मर प्रॉड्यूसर कंपनी के शेयर धारक आदि उपस्थित रहे '

**जिले में संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत सर्वे कार्य जारी-** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुरूप सुशासन एवं स्वराज के लिए प्रतिबद्ध विकसित मध्यप्रदेश के लक्ष्य के अंतर्गत शासन के समस्त विभागों द्वारा संचालित योजनाओं और सेवाओं का पूरा लाभ ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों, तहसील एवं जिला स्तर पर उसके पात्रता प्राप्त हितग्राहियों तक समय सीमा में पहुंच सके इसलिए प्रदेश भर में 'संकल्प से समाधान' अभियान प्रारंभ हो गया है। यह अभियान आगामी 31 मार्च तक चलाया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य है कि हर पात्र व्यक्ति को केंद्र व राज्य सरकार की प्रमुख कल्याणकारी योजनाओं का समय पर लाभ मिल सके।

## भोपाल-इंदौर-ग्वालियर भीगेंगे, शुक्रवार कई इलाकों में सुबह 10 बजे तक धूप नहीं निकल सकी

# आधे प्रदेश में छाया कोहरा,स्ट्रॉन्ग सिस्टम से 3 दिन बदलेगा मौसम

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

मध्य प्रदेश में मौसम एक बार फिर करवट लेने जा रहा है। आधे प्रदेश को शुक्रवार सुबह घने कोहरे ने जकड़ लिया, वहीं अब स्ट्रॉन्ग वेस्टर्न डिस्टरबेंस के असर से 31 जनवरी से 2 फरवरी तक लगातार बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। क्टऊ भोपाल के मुताबिक, इस सिस्टम का असर राजधानी भोपाल से लेकर इंदौर और ग्वालियर तक देखने को मिलेगा। शुक्रवार तड़के भोपाल, ग्वालियर, चंबल, सागर, जबलपुर, रीवा और शहडोल संभाग के 24 जिलों में हल्के से मध्यम स्तर का कोहरा छाया रहा। कई इलाकों में सुबह 10 बजे तक धूप नहीं निकल सकी, जिससे जनजीवन और यातायात प्रभावित हुआ। ग्वालियर, रीवा, शहडोल, सागर, गुना, शिवपुरी, अशोकनगर, राजगढ़, विदिशा, निवाड़ी, दतिया, श्योपुर, मुरैना, भिंड, टीकमगढ़, छतरपुर, दमोह, पन्ना, कटनी, सतना, मैहर, मऊगंज, सीधी और सिंगरौली में दृश्यता काफी कम दर्ज की गई।मौसम वैज्ञानिक अरुण शर्मा के अनुसार, ह्लपश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से प्रदेश में एक बार फिर बारिश का सिलसिला शुरू होगा। इससे पहले कोहरे का असर बना रहेगा।ह्व




### तीन दिन बारिश का अलर्ट

- **31 जनवरी:** ग्वालियर, मुरैना, दतिया, भिंड, श्योपुर, शिवपुरी, अशोकनगर, गुना, विदिशा, सागर, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर
- **1 फरवरी:** नीमच, मंदसौर, आगर-मालवा, राजगढ़, शाजापुर, सीहोर, भोपाल, विदिशा, सागर, रायसेन, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, श्योपुर, ग्वालियर, भिंड, मुरैना, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना, रीवा
- **2 फरवरी:** भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर समेत 40 से ज्यादा जिलों में बारिश का अलर्ट, जिसमें नर्मदापुरम, देवास, हरदा, खंडवा, बुरहानपुर, खरगोन, धार, कटनी, उमरिया, शहडोल, सिंगरौली जैसे जिले शामिल हैं।



### बारिश के बाद बढ़ेगी ठंड



हिमाचल, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर में भारी बर्फबारी का असर मध्य प्रदेश तक पहुंच रहा है। ऊपरी वायुमंडल में तेज जेट स्ट्रीम हवाएं सक्रिय हैं, जिससे ग्वालियर-चंबल अंचल में दिन के तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग का कहना है कि सिस्टम के लौटने के बाद ठंड और तीखी होगी, और दिन-रात के तापमान में और गिरावट आएगी।

**मंदसौर सबसे ठंडा, पचमढ़ी भी कांपा-** बारिश-ओलों का दौर थमते ही प्रदेश में सर्दी और कोहरा और गहराया। गुरुवार सुबह 20 से ज्यादा जिलों में घना कोहरा छाया रहा। मंदसौर में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री से नीचे चला गया, जबकि पचमढ़ी प्रदेश का दूसरा सबसे ठंडा स्थान रहा।

### राहवीर को मिलेंगे 25,000 एवं प्रशस्ति पत्र

**उज्जैन।** सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने में आम नागरिकों को यह भय रहता है कि वे भी पुलिस कार्यवाही के भागी बन जायेंगे अर्थात घायल को अस्पताल पहुंचाने की मदद करने वाले व्यक्ति से पुलिस द्वारा पूछताछ की जाएगी। किन्तु ऐसा नहीं है। सड़क दुर्घटना में गम्भीर घायलों को उपचार के लिए अस्पताल लाने वाले राहवीर को राशि 25,000 एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान करने का प्रावधान है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला उज्जैन, डॉ. अशोक कुमार पटेल ने बताया कि शासन द्वारा सड़क दुर्घटना में पीड़ित व्यक्ति को गोल्डन ऑवर में त्वरित उपचार कराने के उद्देश्य से राहवीर योजना लागू की गई है।

## न्यूज-कॉलम



## पशुपालन मंत्री लखन सिंह पटेल ने किए बंकनाथ मंदिर में दर्शन

**मनावर।** जिला धार।। मां नर्मदा परिक्रमा के प्रवास के दौरान मध्य प्रदेश शासन में पशुपालन मंत्री श्री लखन सिंह पटेल आज दिनांक 30 जनवरी 2026 को बंकनाथ अटल दरबार मंदिर पहुंचे और भगवान अटल दरबार के दर्शन पूजन कर कार्यकताओं से मुलाकात की। इस अवसर पर पशुपालन विभाग मनावर के मुकेश डावर, मनोहर सिंह सोलंकी, जिला पंचायत सदस्य एवं जैव विविधता सभापति श्री गणेश जर्मन, मंदिर सदावृत समिति के अध्यक्ष राधे श्याम पाटीदार, डॉ. मनोज पाटीदार, पत्रकार कौशिक पंडित, सेवानिवृत तुकाराम पाटीदार, प्रियरंजन सिंह बालीपुर, पंकज रामेश्वर पाटीदार आदि उपस्थित रहे। मंदिर समिति के रूपचंद पाटीदार एवं मंगू सिंह ठाकुर द्वारा मंत्री लखनसिंह पटेल का शाल श्रीफल भेट कर सम्मान किया गया।

## जिला न्यायालय द्वारा आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई

**मंडलेश्वर।** बियर बाटल सिर पर मारकर व रस्सी से गला घोटकर हत्या करने वाले आरोपी यश उर्फ यसु को जिला न्यायालय द्वारा शुक्रवार को चिंहित व जघन्य सनसनीखेज प्रकरण में आजीवन कारावास एवं 8 हजार रुपए के अर्थदण्डा से दण्डित किया। विशेष लोक अभियोजक (एडीपीओ) विजयसिंह जमरा ने बताया 24 मार्च 2023 को मृतक के पिता राजेश डावर ने थाना खरगोन पर रिपोर्ट लिखवई की 23 मार्च को शाम 4 बजे उसका पुत्र बिट्टु उर्फ अभिनय बिस्टान नाके पर जाने का बोलकर बुलेट मोटरसायकल लेकर घर से गया था। लेकिन शाम 9 बजे तक वापस नहीं आया। बेटे को आसपास तलाश की परंतु कहीं भी नहीं मिला तो पिता थाना खरगोन पर आकर गुमशुदा होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने जांच में युवक के साथ जाने वाले दोस्त यश उर्फ यसु पटेल व उसके दोस्त अपचारी बालक से पूछताछ करने पर उन्होंने कबूला कि बिट्टु की बुलेट मोटरसायकल से उसके साथ डाबरिया रोड तालाब किनारे गए व तीनों ने मिलकर बीयर पी और बुलेट मोटरसायकल की बात को लेकर अभियुक्ता से झगड़ा हुआ था। जिसमें यश ने बिट्टु को बियर बाटल सिर पर मारी एवं कार्टुन की रस्सीस से गला घोटकर जान से मारकर पेड़ पर लटका दिया था। बाद पुलिस ने बिट्टु का शव बरामद किया।

## शहीदों की स्मृति में मौन एवं नशा मुक्ति शपथ कार्यक्रम आयोजित



**बड़वानी ।** पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल बड़वानी में 30 जनवरी को भारत के स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीदों की स्मृति में श्रद्धांजलि स्वरूप मौन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा शहीदों के अद्वितीय बलिदान को नमन करते हुए दो मिनट का मौन धारण किया गया।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री सियाराम मोरे द्वारा प्राचार्य श्री संतोष मिश्रा के मार्गदर्शन में तथा विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं की गरिमामयी उपस्थिति में विद्यार्थियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए नशामुक्त जीवनशैली अपनाने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों ने नशे से दूर रहने एवं समाज को नशामुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों ने भी नशामुक्त समाज के निर्माण हेतु विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य श्री संतोष मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

## ३१ जनवरी को कृषि वर्ष के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में जायेंगे कृषि रथ

बड़वानी । प्रदेश में वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाया जायेगा। इसके अंतर्गत जिले के 7 विकासखण्डों की ग्राम पंचायतों में रूट चार्ट अनुसार कृषि रथ भ्रमण करेगा। कृषि रथ के माध्यम से किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन, कीट एवं रोग प्रबंधन, फसल विविधिकरण, कृषि को लाभकारी व्यवसाय बनाने के उपाय, विभागीय योजनाएं, ई-टोकन उर्वरक वितरण व्यवस्था तथा पराली प्रबंधन से संबधित योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। कृषि रथ ३१ जनवरी को विकासखण्ड बड़वानी की ग्राम पंचायत काजलमाता, भुराकुआ एवं उमेदड़ा में, विकासखण्ड राजपुर की ग्राम पंचायत देवनली, नागलवाड़ी बुजुर्ग एवं लफनगांव में, विकासखण्ड सेधंवा की ग्राम पंचायत चाचरिया, रामकोला एवं किरचाली में तथा विकासखण्ड ठीकरी की ग्राम पंचायत बिल्वाडेब, मे रथ जायेंगे।

# योजनाओं की सफलता का मानक किसान स्वतः उन योजनाओं के सन्दर्भ में आत्मनिर्भर हो जाए:- केंद्रीय नोडल अधिकारी सुश्री केशरवानी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर



प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना की प्रगति की समीक्षा बैठक कृषि विज्ञान केंद्र,आलीराजपुर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय नोडल अधिकारी आईएएस सुश्री निधि केशरवानी एवं कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर द्वारा की गई।

बैठक में कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर के निर्देशन में कृषि विभाग के उप संचालक श्री सज्जन सिंह चौहान ने जिले की कृषि स्थिति पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने बताया कि आलीराजपुर जिले में अधिकांश किसान परंपरागत खेती करते हैं, जहां प्रमुख फसलें उड़द, मक्का, ज्वार, बाजरा, मोटे अनाज, कपास एवं सोयाबीन हैं। इंटर-क्रॉपिंग, उर्वरकों के सीमित उपयोग तथा आम की खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। आम उत्पादक किसानों ने बिग बास्केट जैसे ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के साथ एमओयू भी किए हैं। जिले में मिलेट्स की खेती व्यापक स्तर पर हो रही है, जिसका स्थानीय उपभोग नागरिकों के स्वास्थ्य को बेहतर बना रहा है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु कृषि से जुड़े सभी विभागों के साथ समन्वय स्थापित किया गया है तथा जिला स्तरीय समिति का गठन कर नियमित बैठकों एवं डैशबोर्ड के माध्यम से सतत मॉनिटरिंग की जा रही है।

केंद्रीय नोडल अधिकारी सुश्री निधि केशरवानी ने प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना की विभागवार प्रगति की समीक्षा करते हुए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत गठित एफपीओ, प्राकृतिक खेती, भावांतर योजना, सॉयल हेल्थ कार्ड, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, डेयरी उत्पादन, केसीसी, पैक्स, वाटरशेड, उद्यानिकी विभाग की योजनाएं तथा आजीविका मिशन सहित सभी योजनाओं की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में बताया गया कि जिले में प्राकृतिक खेती के लिए तीन क्लस्टर बनाए गए हैं, जिनमें लक्ष्य के अनुरूप कार्य किया जा रहा है। कृषि सखियां प्राकृतिक खेती अपनाकर लाभ कमा रही हैं तथा अन्य किसानों को भी प्रेरित कर रही हैं।

नोडल अधिकारी सुश्री केशरवानी ने कृषि सखी से प्राकृतिक खेती के अनुभव भी जाने। कृषि सखी ने बताया कि वे स्थानीय भाषा में ग्रामीणों को प्राकृतिक खेती के लाभ समझाती हैं तथा स्वयं के खेत दिखाकर प्रेरित करती हैं। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक खेती से उत्पादन बढ़ा है और कीट प्रकोप भी कम हुआ है। इस दौरान प्राकृतिक खेती से उगाई गई सब्जियों के सैंपल का अवलोकन भी किया गया।

बैठक में उप संचालक श्री चौहान द्वारा बताया गया कि जिले में फसल विविधीकरण के माध्यम से रबी, खरीफ एवं जायद तीनों मौसमों में खेती की जा रही है। उद्वहन सिंचाई परियोजना से सिंचाई क्षेत्र में वृद्धि हुई है, जिससे फसल रकबा बढ़ा है। मोटे अनाज, प्राकृतिक एवं जैविक खेती को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। च्धरती माता बचाओ अभियानज्ज के माध्यम से संतुलित खाद उपयोग के लिए किसानों को जागरूक किया जा रहा है तथा खाद वितरण में ई-टोकन व्यवस्था लागू की गई है। कुसुम फसल प्रदर्शन हेतु जिले में नवाचार भी किया गया है।

# बेटी को दहेज में कार की जगह संस्कार दे-पं. दुबे

### पाण्डाल में कृष्ण जन्मोत्सव सम्पन्न हुआ, कथा में उमड़ा जनसैलाब

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर



सुबह उठकर सबसे पहले पत्नि अपने पति को प्रणाम करे। बच्चों को संस्कार देने का समय बचपन में है। जैसा संस्कार देंगे, बच्चे बड़ो होकर वैसा ही व्यवहार करेंगे। बच्चों के नाम हमेशा भगवान पर रखना चाहिए। संतान हो तो ध्रुव जैसी होना चाहिए। ध्रुव ने 36 हजार वर्षों तक इस पृथ्वी पर राज किया। बेटी को दहेज में कार मत दो, लेकिन संस्कार जरूर दो, उसे गृहस्थ जीवन के संस्कार भी देना चाहिए, ताकि शादी होने पर ससुराल में वह सबको निभा सके। बेटी को विदा करते समय 5 चीजें नही देना चाहिए अचार की बरनी, सुई, केंची, झाडु व चलनी। उपरोक्त विचार नारायण सा परिवार द्वारा वाणी मोहल्ले में आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव में पण्डित शुभम दुबे हातोद वाले ने कथा के चौथे दिन व्यासपीठ से कही। व्यासपीठ का पूजन नारायण सा परिवार ने किया। पूज्य पण्डित जी शुभम दुबे ने ऋषभ देव और प्रहलाद की कथा सुनाते हुए कहा कि पृथ्वी पर 7 द्विप है।

पृथ्वी पर 84 लाख जीवन है, परन्तु मुक्ति मनुष्य के जीवन में ही मिलती है। सनातन से श्रेष्ठ कोई धर्म, संस्कृति व सभ्यता नही है। मनु महाराज के यहां 3 कन्याएँ और 2 पुत्र हुए। गर्भावस्था में स्त्री को सतसंगी आचरण करना चाहिए व कथा सुनना चाहिए, ताकि बच्चा धार्मिक प्रवृत्ति का जन्म ले। जिस पर संतों की कृपा होती है, उस पर भगवान की भी कृपा होती है। जीवन में यदि राहुकाल खराब हो तो नारायण की सेवा करे। शिष्य व गुरू का सम्बंध बताते हुए पण्डित शुभम दुबे ने कहा कि जिस शिष्य के मन में सच्चा भाव हो, उसे गुरू अवश्य मिलते है। नृसिंह अवतार का विस्तृत वर्णन गुरूजी ने किया।

मीडिया प्रभारी कृष्णकान्त बेड़िया ने बताया कि आज पाण्डाल में कृष्ण जन्मोत्सव प्रसंग सम्पन्न हुआ। जैसे ही कृष्ण जन्मोत्सव हुआ पूरा पाण्डाल नृत्य से झुम उठा। लोगों ने फुल बरसाकर लाड़ले कृष्ण का स्वागत किया। पूरे पाण्डाल को बलून से सजाया गया था। महिलाएँ पिली साड़ी व पुरूष पिले वस्त्र में आज कथा सुनने आये थे। पूज्य पण्डित जी ने जैसे ही भजन नारायण श्रीमन्नारायण, मेरी दुनिया तुम ही हो, दुनिया से क्या मांगे, यह धरती है ऋषि मूनि, वह भारत देश है मेरा गाया पूरा पाण्डाल नृत्य व गरबा रास से झुम कथा का समय रात्रि 8 से 12 बजे तक है। नारायण सा परिवार की ओर से शांतिलाल वाणी परिवार, जयंतीलाल वाणी, गोपालकृष्ण वाणी, रमेशचन्द्र वाणी, मनिष वाणी व सागर वाणी एवं समस्त वाणी परिवार ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पधारकर कथा का श्रवण करने की अपील की है।

कथा में आलीराजपुर के अलावा, नानपुर, जोबट, इन्दौर, वड़ोदरा, बोड़ेली, चन्द्रशेखर आजादनगर, पानसेमल, निवाली, कुक्षी सहित अनेक स्थानों से श्रद्धालु उपस्थित हुए। आज कथा में भारी संख्या में श्रोता उपस्थित थे, श्रोताओं की संख्या अधिक होने से आयोजक परिवार को अतिरिक्त टेन्ट व कुसीर्यां की व्यवस्था करना पड़ी।

## परम पूज्य बाबा श्री अलबेली शरण जी महाराज का हुआ भव्य स्वागत

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंडलेश्वर



ठाकुर श्री राधा विनोद बिहारी भगवान के होने वाले द्वादश वार्षिक पाट महोत?सव में शामिल होने के लिए श्रीधाम वृंदावन से सद गुरूदेव पपू अलबेली शरण जी महाराज गुरुवार को ग्राम चोली में आगमन हुआ। बाबाजी के स्वागत के लिए शाम को मोटी माता पर बड़ी संख्या में महिलाएं पुरुष हुए थे। बाबाजी के आते ही पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया गया।

कुंज बिहारी श्री हरिदास के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। यहां से बाबाजी शोभा यात्रा के रूप में नगर भ्रमण करते हुए ठाकुर श्री राधा विनोद बिहारी मंदिर पहुंचे। जहां ठाकुर जी के दर्शन कर गोतीर्थ गोशाला पहुंचे। पाट उत्सव समिति अध्यक्ष सहदेव ठाकुर ने बताया रविवार सुबह भगवान ठाकुर श्री राधाविनोद बिहारी जी का 12वा पाट उत्सव मनाया जाएगा तथा रात्रि में तालाब किनारे स्थित गौरी सोमनाथ मंदिर प्रांगण में काकड़ आरती कर दीप जलाए जाएंगे। 2 से 9 फरवरी तक अखंड नाम संकीर्तन होंगे। वहीं 11 फरवरी को 1 दिवसीय रासलीला का आयोजन नगर के नर्मदा घाट पर होना है 12 से 16 फरवरी तक महोत्सव के तारतम्य में ग्राम में रोज रात्रि 8 बजे से रासलीला का आयोजन होगा। राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किया वृंदावन के श्रीराम शर्मा जी की रास मंडली द्वारा रासलीला का मंचन किया जाना है।

# बुरहानपुर में आंधी-तूफान ने छीनी किसानों की रातों की नींद, सांसद पाटिल ने किया खेतों का निरीक्षण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

जिले में बीते दिनों आई तेज आंधी, तूफान और बेमौसम बारिश ने किसानों की मेहनत पर जैसे पानी फेर दिया। जिन खेतों में कुछ दिन पहले तक सुनहरी फसलें लहलहा रही थीं, आज वहीं खेत बिखरी हुई बालियों, गिरी हुई फसल और टूटे हुए केले के पौधों की तस्वीर बन चुके हैं।

सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने प्रभावित गांवों का दौरा किया, खेतों की हालत देखी और किसानों से सीधा संवाद किया। उन्होंने कहा, "संकट की इस घड़ी में सरकार आपके साथ खड़ी है, नुकसान की भरपाई हर हाल में होगी।"

ग्राम पातोंडा, बिरोदा और भोलाना के खेतों में पहुंचे सांसद पाटील ने देखा कि गेहूं की फसल जमीन पर लेटी पड़ी है, मक्का के पौधे टूट चुके हैं, चने की फलियां झड़ गईंज और केले की फसल को सबसे ज्यादा चोट लगी है। किसानों ने बताया कि तेज हवा के साथ बारिश आई और देखते ही देखते कई बीघा फसल चौपट हो गई।

सांसद पाटील ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्व अमले का सर्वे कार्य जल्द से जल्द पूर्ण किया जाए, ताकि किसान मुआवजे के लिए दफ्तरों के चक्कर न काटें। उन्होंने कहा, "सर्वे की रिपोर्ट जितनी जल्दी जाएगी, राहत उतनी जल्दी मिलेगी।"

किसानों का कहना था कि आंधी-तूफान ने सिर्फ फसल नहीं गिराईज कई घरों में उम्मीदें, सपने और भविष्य की प्लानिंग भी गिर गई। अब किसानों की नजरें सिर्फ राहत पर हैं।

## पुलिस कर्मी ने नशे में कार से सब्जी वाले की मोटर साइकिल को मारी टक्कर

**नीमच।** नीमच सिटी थाना क्षेत्र के जेतपुरा फंटे पर नीमच बुधवार सुबह उस समय हंगामे की स्थिति बन गई, जब पुलिस लाइन में पदस्थ कार सवार आरक्षक जयराम मेघवाल , ने कथित रूप से शराब के नशे में एक सब्जी विक्रेता की बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद मामला तब और बिगड़ गया, जब आरक्षक ने अपनी गलती स्वीकारने के बजाय वर्दी का रौब दिखाते हुए पीड़ित से अभद्रता शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गिरदौड़ा निवासी सुरेंद्रसिंह राणावत सड़क किनारे बाइक पर सब्जी बेचकर रोजी-रोटी चला रहे थे। इसी दौरान सड़क किनारे खड़े सब्जी वाले युवक की मोटर साइकिल को दौरान आरक्षक की गाड़ी ने बाइक को टक्कर मार दी। सुरेंद्रसिंह की गाड़ी ने उनकी द्वारा सावधानी से बाहन चलाने की बात कहने पर आरक्षक आपा खो बैठा और सरेआम गालियां देने लगा। इतना ही नहीं, उसने झूठे केस में फंसाकर जेल भेजने की धमकी तक दे डाली। पीड़ित ने साहस दिखाते हुए इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो बना लिया, जो देखते ही देखते सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो सामने आने के बाद समाज में आक्रोश फैल गया। करणी सेना के जिलाध्यक्ष गजेंद्रसिंह चौहान सहित समाजजन और ग्रामीण बड़ी संख्या में नीमच सिटी थाने पहुंचे और आरोपी आरक्षक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

## डाटा एंट्री ऑपरेटर संविदा पद हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 8 फरवरी

**रतलाम।** अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ शालिनी श्रीवास्तव के आदेशानुसार स्थानीय निर्वाचन कार्यालय में डाटा एन्ट्री ऑपरेटर (संविदा) रिक्त पद हेतु राज्य शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से हायर सेकेण्डरी या 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण, मूल निवास, आरक्षण और आयु की शर्तें पूरी करने वाले आवेदक का चयन सीपीसीटी परीक्षा में कम्प्यूटर प्रोफिशयेन्सी में प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट से किया जाएगा। आवेदक निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र अंतिम तिथि 8 फरवरी 2026 तक कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी(स्थानीय निर्वाचन) को स्पीड पोस्ट अथवा व्यक्तिशः भेज सकते है। जानकारी और शर्तें तथा आवेदन पत्र प्रारूप मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है।

# जिले में हो रहा है क्लस्टर अनुश्रवण शिविर का सफल आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

अक्सर देखा जाता है कि दूर-दराज के क्षेत्रो में रहने वाले ग्रामीण और वंचित वर्ग के लोग जानकारी या संसाधनो के अभाव में सरकार की योजनाओं से अछूते रह जाते है। जिले के दुरस्थ क्षेत्रों में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने एवं समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा जिले की विभिन्न जनपद पंचायतो के विभिन्न क्लस्टरो में नियमित रूप से क्लस्टर अनुश्रवण शिविरों एवं विद्यादान अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के आयोजन से सेवाओं को नागरिकों के घर तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है जो कि सुशासन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है। जब प्रशासन खुद चलकर जनता की चौखट तक पहुंचता है तो न केवल जनसमस्याओं का समाधान होता है। बल्कि आम नागरिक और शासन के बीच विश्वास का एक नया सेतु भी निर्मित होता है।

अब तक जिले की 174 पंचायतों में कुल 5 क्लस्टर अनुश्रवण शिविरों का सफल आयोजन किया जा चुका है। इन शिविरों में ८ हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 50 प्रतिशत से अधिक आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। इन शिविरों में प्रत्येक पंचायत में सेक्टर अधिकारी, टीम घर-घर जाकर / शिविर के माध्यम से विभिन्न योजनाओं से संबंधित समस्याओं / शिकायतों को रजिस्टर में पंजीबद्ध कर मौके पर निराकृत होने वाली शिकायतो को तत्काल एवं अन्य का निर्धारित समय सीमा में निराकृत किया गया है।

जनपद पंचायत सेंधवा में शिविर में ग्राम पंचायत झोपाली की 8 वर्षीय कुमारी विनिता और 4 वर्षीय तृशा कन्नौजे का सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत बचत खाता खोला गया ।

जनपद पंचायत बड़वानी में आयोजित शिविर में ग्राम पंचायत आमल्यापानी में 4 हितग्राहियों श्रीमती रेशलीबाई को 4 लाख, श्रीमती लीलाबाई को 2 लाख, श्रीमती मसरीबाई को 2 लाख और चतरसिंह को संबल योजना की 2 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई । सेंधवा जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत कुण्डिया में आयोजित शिविर में श्रीमती पूजा ब्राहम्णे और श्रीमती रायकू डावर को इस योजना अंतर्गत डीबीटी से जोड़ा गया ।

संपदा प्रबंधन म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र इंदौर

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि जय बजरंग नगर इन्दौर में श्री शिवकुमार यादव पिता स्व. सियाराम यादव को भूखंड क्रमांक 29 म.प्र. गृह निर्माण मंडल द्वारा आवंटित किया गया था। आवंटी द्वारा उक्त भूखंड बजर्ये रजिस्ट्री के माध्यम से दिनांक 22.03.2025 को श्रीमती कीर्ति यादव पति श्री अभिषेक यादव को विक्रय किया गया एवं उनके द्वारा मंडल में अपने नाम से नामांतरण हेतु आवेदन किया गया जो कि विचाराधीन है।

उक्त संपत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/संस्था/ वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करे। समयावधि समाप्त होने के पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मंडल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल इन्दौर**

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-20

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- श्रीमती लीना जैन पति श्री संदीप कुमार पता-मकान नं. 302 रायरिजेन्सी इन्दौर पिन-1000833193 वार्ड क्रं. 19 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 20 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-20 नगरपालिका निगम इन्दौर**

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-21

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- श्रीमती प्रमीला यादव पति श्री गोपाल यादव वार्ड नं. 79 पता- 1779-ए कुन्दन नगर इन्दौर पिन-1003096219 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 21 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-21 नगरपालिका निगम इन्दौर**

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-21

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- श्री कुतुबुद्दीन पिता कलीमुद्दीन वार्ड नं. 73 पता- 55-56 शांति निकेतन आप. 102 नंदनवन कालोनी इन्दौर पिन- 1001248765 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 21 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-21 नगरपालिका निगम इन्दौर**

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-22

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- राकेशसिंह पिता शिवपूजनसिंह क्रेता- नेथ मुजावदिया पिता किशनचंद्र मुजावदिया पता- प्रकोष्ठ क्रमांक 504 ब्लाक-सी-1 इन्दौर पिन-1001015677 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 22 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-22 नगरपालिका निगम इन्दौर**

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-22

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- पंकज गोठी पिता श्रीकृष्ण वल्लभ गोठी, श्रीमती गिरजा गोठी पति श्रीकृष्ण वल्लभ गोठी पता- 43, विक्टोरिया सिटी इन्दौर पिन-1004377584 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 22 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-22 नगरपालिका निगम इन्दौर**

# रैदास ने दिखाई राह



हमारे संविधान को लेकर पहला और सबसे बड़ा भ्रम यह है कि भारतीय संविधान यूरोप व अमेरिका के संविधानों की अनुकृति है। ऐसा इसलिए भी है कि संविधान आधुनिक भाषा में लिखा गया है, किंतु ध्यान से देखें, तो हमारे संविधान की भाषा भले आधुनिक शब्दावली से गढ़ी गई हो, उसका सारतत्व भारतीय मनीषा से उपजा नवनीत है। जब हम स्वाधीनता, समता और बंधुत्व की बात सुनते हैं, तो हमारा ध्यान फ्रांसीसी क्रांति की ओर चला जाता है, लेकिन इस स्वाधीनता, समता और बंधुत्व का स्रोत हमारी संत कविता, खास तौर से रैदास की कविता में मौजूद है। इस ओर हमारा ध्यान नहीं जाता। यूं तो रैदास बहुत विनम्र, विनयशील और साधु हैं, लेकिन पराधीनता की पीड़ा को अच्छी तरह समझते हैं। इस कदर समझते हैं कि उनके लिए पराधीनता सबसे बड़ा पाप घोषित है– पराधीनता पाप है, जान लेहु रे मीत।/ रैदास दास पराधीन सौं, कौन करै है प्रीत। पराधीनता पाप है, इतना बड़ा पाप कि पराधीन से कोई प्रेम नहीं करता। हम सब जानते हैं कि रैदास जिस संत भक्ति कविता के अग्रदूत थे, उसकी सबसे बड़ी कामना प्रेम ही है। रैदास यह जानते हैं कि पराधीन व्यक्ति के लिए प्रेम असंभव है। इसलिए पराधीनता रूपी पाप से मुक्ति पाना संत का पहला काम है। पराधीनता का बोध और पराधीनता से मुक्ति की आकांक्षा ही स्वाधीनता का स्रोत है। यह बोध रैदास के यहां भरपूर है। रैदास के लिए पराधीनता का स्रोत कहीं और नहीं, बल्कि सामाजिक संरचना में मौजूद था। जिस सामाजिक संरचना में अस्पृश्यता जैसी चीज मौजूद रही हो, शूद्र के लिए गहरी घृणा मौजूद रही हो, वहां पराधीनता का स्रोत अलग से खोजने की जरूरत नहीं है। सामाजिक संरचना में मौजूद विषमता ही पराधीनता का मूल स्रोत है। इसलिए सच्ची स्वाधीनता तब तक नहीं संभव, जब तक कि समता न स्थापित हो जाए। अमूमन सत्ताएं ईश्वर से हमारे संबंध को भय से परिभाषित करती रही हैं। रैदास ईश्वर से अपने संबंधों को बड़ी सहजता से परिभाषित करते हैं, सिर्फ तीन शब्दों में– जैसे चंदन पानी। चंदन पानी में विलीन हो जाता है, भेद मिट जाता है, दोनों मिलकर एक हो जाते हैं, ऐसा ही है ईश्वर से हमारा संबंध। वास्तव में, यहां कोई भेद है ही नहीं। केवल समझ का भेद है। वह सवाल करते हैं– जब सब उसी ईश्वर के जन हैं, तो प्रेम से क्यों नहीं रह सकते?? क्या भेदभाव, क्या छुआछूत, क्या ऊंच–नीच और क्या धनी–गरीब? इसीलिए रैदास एक मानवीय और समुन्नत संसार की कल्पना करते हैं, जिसका नियम और धर्म सिर्फ और सिर्फ प्रेम है।



**सम्पादकीय**


## अच्छे बजट की ओर

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में पेश आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 से अनेक संभावनाएं जाग उठी हैं। कुल मिलाकर, भारतीय अर्थव्यवस्था की एक सुखद तस्वीर यह सर्वेक्षण पेश कर रहा है। ऐसा लगता है, हम 1 फरवरी, अर्थात आगामी रविवार को विकासोन्मुख बजट की उम्मीद कर सकते हैं। तमाम विकराल चुनौतियों के बावजूद बीतता हुआ वित्त वर्ष भारत के लिए ठीक-ठाक रहा है और आगामी वित्त वर्ष में भी उम्मीद की किरणें प्रबल रहेंगी। आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 के मुताबिक, सरकार ने वित्त वर्ष 2027 में भारतीय अर्थव्यवस्था के 6.8 प्रतिशत से 7.2 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान लगाया है। जैसे बाहरी व आंतरिक तनावों से यह अर्थव्यवस्था गुजर रही है, उसमें करीब सात प्रतिशत विकास दर बहुत उत्साहजनक है। इससे निवेशकों का मनोबल बढ़ेगा। हम कैसे भुला दें कि भारत के बड़े व्यापार साझीदार अमेरिका ने लगभग दुश्मनी भरा रवैया अख्तियार कर रखा है? इसके बावजूद भारत की तरक्की का पहला इशारा यही है कि डोनाल्ड ट्रंप के सामने अनावश्यक रूप से झुकने की जरूरत नहीं है। यह दर्ज करने लायक बात है कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद, वित्त वर्ष 2025 में भारत का कुल निर्यात (वस्तु और सेवाएं) रिकॉर्ड 825.3 अरब डॉलर तक पहुंच गया और वित्त वर्ष 2026 में भी यही गति रहेगी। भारी अमेरिकी टैरिफ के बावजूद अप्रैल-दिसंबर 2025 के दौरान उत्पाद निर्यात में 2.4 प्रतिशत और सेवा निर्यात में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। आज दुनिया और खासकर अमेरिकी विशेषज्ञों को यह देखना चाहिए कि भारत की तरक्की पर लगाम लगाने की कोई भी कोशिश सफल नहीं होगी। भारत एक आर्थिक ताकत बनने की ओर लगातार कदम बढ़ा रहा है। हां, यह सहज ही कल्पना की जा सकती है कि अगर दुनिया में युद्ध नहीं चल रहे होते, अमेरिकी टैरिफ का असर नहीं होता, तो भारत के विकास की रफ्तार दस प्रतिशत से भी ज्यादा रहती। ताजा आर्थिक सर्वेक्षण में यह भी बताया गया है कि विभिन्न सरकारी प्रयासों और मौद्रिक उपायों के चलते खुदरा महंगाई में कमी का क्रम बना हुआ है। लगे हाथ यह भी गौर करने की बात है कि वित्त वर्ष 2025 में भारत के सकल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में 17.9 प्रतिशत की वृद्धि आई है। आर्थिक सर्वेक्षण भविष्य संवारने को भी उत्सुक दिख रहा है। इसका संकेत साफ है, भारत की विकास योजनाओं के लिए बुनियादी ढांचे में बड़े निवेश की जरूरत है।

**यूजीसी विवाद**

# सवर्णों के साथ अन्याय कब तक?

सनातन संस्कृति में वर्ण व्यवस्था थी। समाज की आवश्यकता को देखते हुए- ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र की संरचना की गई थी। पिछड़ा, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, और ईडब्ल्यूएस जैसे शब्द नहीं थे। आजादी के बाद हमारे राजनीतिज्ञों द्वारा अपने लाभ के लिए इन्हें गढ़ा गया। लिखने वालों ने यह मान लिया कि सवर्ण हर प्रकार से उत्तम है। यदि सवर्ण है तो वह सबसे ज्यादा धनी है। सबसे ज्यादा ताकतवर है। सबसे ज्यादा अत्याचारी है और दूसरों के अधिकारों पर कब्जा करके बैठा हुआ है, जबकि उस समय भी हकीकत यही रही कि सवर्ण में भी अनेक वर्ग जैसे तैसे अपनी रोजी-रोटी चला रहे थे। आज तो अधिकांश ऐसे हैं जो बस रोटी खा लें, कपड़े पहन लें और नाम के सवर्ण बने रहें।



डॉ. स्वामीनाथ पाण्डेय (दैनिक अवन्तिका)

आरक्षण लागू किया गया। उसमें यह व्यवस्था दी गई कि कम योग्यता वाला व्यक्ति भी नौकरी पर आ सकता है। बशर्ते वह अजा अथवा अजजा का हो। यहां प्रश्न उठता है कि क्या अजा,जजजा के सभी प्रतिभागी सदैव कमजोर ही रहेंगे। उन वर्गों में से कोई अच्छा स्कॉलर नहीं निकलेगा? आरक्षण लागू करते समय सरकार ने जाति देखी न कि गरीबी। गरीबी देख करके आरक्षण लागू किया गया होता तो सवर्ण भी उसमें होते। उस समय जैसी भी व्यवस्था थी, पर सवर्णों के साथ पक्षपात हुआ। आज तो हम स्वयं की आंखों से देख रहे हैं कि आरक्षण के नाम पर भर्ती से लेकर पदोन्नति तक सवर्ण के साथ अन्याय और अत्याचार हो रहा है। इतना सब सहन करने के बाद भी सवर्ण हमेशा सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है। अजा, अजजा और पिछड़े वर्ग को अपना भाई मानता रहा है। साथ ही सामाजिक और आर्थिक रूप से सहयोग भी करता आ रहा है।

सरकार को लगा कि सवर्ण से बड़ा मूर्ख कहीं नहीं मिलेगा, क्योंकि कोई सुविधा न मिलने के बाद भी वह सदैव सरकार का सहयोगी रहा है, तो कुछ ऐसा किया जाए कि जो सरकार के सहयोगी नहीं हैं, उनको भी सरकार का सहयोगी बनाया जाए। इस विचार से यूजीसी नियमावली लेकर आ गए। इधर पता नहीं क्या हुआ कि सवर्ण ने जब यह देखा कि सरकार हमारे वोट से ही बनती है और हमें ही मूर्ख बना रही है। हमको अपराधी बताकर हमारे ऊपर अत्याचार कर रही है। विचार किया कि यदि यह नियमावली लागू हो गई तो हमारे बच्चों का कॉलेज में पढ़ना दूभर हो जाएगा। उदाहरण के तौर पर एससी एसटी एक्ट, दहेज कानून इत्यादि हमारे सामने हैं। जिनमें वास्तविक लोग तो सजा से बच जाते हैं, पर जो बेचारा निर्दोष होता है वह फंस जाता है। अधिकार मिलते से ही उसका उपयोग कम, दुरुपयोग अधिक होने लगता है। यह बात सरकार को भी पता है।

बात हो रही थी यूजीसी नियमावली को लेकर, तो सवर्ण ने जब देखा कि सरकार तो प्रतिदिन हमको दबाए ही चली आ रही है, तो एकाएक उनमें उबाल आया और एक साथ (यानी 28 जनवरी को) पूरे देश में सरकार के तुगलकी निर्णय के विरुद्ध प्रदर्शन हुए। उधर हाईकोर्ट और सुप्रीमकोर्ट में वकालत करने वाले जागरूक सवर्ण सुप्रीम कोर्ट में मुकदमा लगा दिए। सुप्रीमकोर्ट ने भी संज्ञान लिया और केंद्र सरकार से सवाल-जवाब कर लिया। मार्च में फिर सुनवाई है। तब तक के लिए यूजीसी के नए नियमों पर कोर्ट ने रोक लगा दी है। इधर सरकार की गति सांप और छछूंदर जैसी हो गई है। अब यदि सरकार यूजीसी के नियमों को वापस लेती है तो एससी एसटी ओबीसी और ईडब्ल्यूएस वर्ग नाराज होगा और यदि नहीं लेती तो सवर्ण समाज नाराज है ही। यहां एक बात ध्यान में दिलाना आवश्यक है कि 2014 में जो भाजपा बहुमत के साथ केंद्र में आई थी, उसमें 50% हाथ सवर्ण का ही था, अन्यथा भारी बहुमत के साथ भाजपा केंद्र में आने के सपने ही देखती रहती। इतिहास गवाह है कि जिन्होंने भी सवर्णों को लतियाने की कोशिश की, उन्हें सवर्णों ने कहीं का नहीं छोड़ा। सुश्री मायावती उत्तरप्रदेश में इसकी उदाहरण हैं। उनका नारा था- **तिलक तराजू और तलवार, इनको मारो जूते चार।** तो तिलक, तराजू, तलवार तो वहीं रह गए, सुश्री का क्या हुआ? यह कहने की आवश्यकता नहीं है। मध्यप्रदेश में जब दिग्विजय सिंह मुख्यमंत्री हुआ करते थे, उस समय उन्होंने भी शासकीय सेवकों और सवर्ण की अवहेलना की थी। परिणाम यह रहा कि वे खुद तो खुद, पार्टी भी बाहर हो गई। आगे बढ़ें तो मामा शिवराज सिंह ने एक वाक्य बोला था- **है कोई माई का लाल**। इस वाक्य ने प्रदेश में ऐसी हलचल मचाई कि भाजपा को लेने के देने पड़ गए। उनके नेता सफाई देते-देते कई जोड़ी जूते घिस दिए और जबान तो घिस ही गई।

सवर्ण मूर्ख नहीं है, सवर्ण कमजोर नहीं है। सवर्ण अपने हक के लिए किसी भी हद तक जाने के लिए तैयार है और सक्षम भी है, परंतु उसके अंदर दया है, प्रेम है, सद्भाव है। इसीलिए वह जल्दी किसी विघटन में विश्वास नहीं करता। परंतु यदि क्रोध आ गया तो फिर वह परशुराम की तरह, चाणक्य की तरह अपने हक को बिना लिए, अपनी धारणा को बिना लागू करवाए छोड़ता नहीं है। कोई भी राजनीतिक दल हो और कोई भी उनके प्रमुख हों, आज की तारीख में भी देख लीजिए उसमें अधिकांश सवर्ण ही हैं, जो निर्णायक भूमिका निभा रहे हैं। भले ही वे परदे के पीछे हैं। किसी भी शासकीय विभाग में चले जाइए, बिना किसी आरक्षण के अपनी योग्यता के आधार पर हर विभाग में आपको अधिकांश अधिकारी सवर्ण ही मिलेंगे, क्योंकि वे अपनी योग्यता के आधार पर वहां तक पहुंचे हैं, किसी की कृपा से नहीं

मेहनत करके ईमानदारी से पसीना बहाकर रात-दिन एक करके उच्च शिक्षा प्राप्त करने का जज्बा लेकर सवर्ण जब विश्वविद्यालय में पढ़ने जाए तो यूजीसी नियमावली के तहत वह किसी झूठी शिकायत का शिकार न होकर इज्जत से पढ़ाई करे और देश सेवा हेतु समर्पित हो, इसको ध्यान में रखकर देश के संपूर्ण सवर्ण समाज ने यूजीसी की नई नियमावली के खिलाफ प्रदर्शन किया। यह सरकार के लिए एक चेतावनी थी। अब यदि सरकार लीपापोती में ही लगी रही तो निश्चित मानिए सवर्ण सहनशील है, कमजोर नहीं।

## बुढ़ऊ कहीं का

पालकगंज की राजनीति और बरगद की छांव, दोनों ही हजारीलाल जी के कब्जे में थीं। यहाँ 'बुढ़ापा' कोई जैविक परिघटना नहीं, बल्कि एक सुनियोजित घेराबंदी थी। हजारीलाल जी उस प्रजाति के 'अमीर बुढ़ऊ' थे जिनकी जेब में नोटों की गड्डियाँ नहीं, बल्कि पूरे गांव की अक्ल गिरवी रखी थी। वे गांव के 'स्वयंभू लैंपपोस्ट' थे। जैसे बिजली का खंभा बीच सड़क पर इस भरोसे खड़ा रहता है कि पूरी कायनात को उससे टकराकर ही अपनी दिशा बदलनी होगी, हजारीलाल जी भी वैसे ही अडिग थे। दरिद्र बूढ़े तो घर के पिछवाड़े 'एक्सपायरी डेट' वाली दवाओं की तरह पड़े रहते थे, पर हजारीलाल जी 'विंटेज वाइन' होने का स्वांग रचते थे। वे मानते थे कि सूरज उनकी इजाजत से उगता है और चाँद उनकी धोती की सफेदी देखकर शर्मिंदा होता है। जो उनकी 'हाँ में हाँ' नहीं मिलाता, हजारीलाल जी उसे अपने रसूख के करंट से ऐसे झुलसाते थे कि वह आदमी ताउम्र 'शॉर्ट सर्किट' का शिकार रहता।

उनकी अक्ल का आलम यह था कि वे खामोश भी रहते तो लोग उसे 'गहन चिंतन' समझकर नोट्स लेते थे। अमीर आदमी की जेब चूँकि अक्लमंद होती है, इसलिए उनकी हर ऊटपटांग बात 'वेद वाक्य' मान ली जाती थी। हजारीलाल जी को यकीन था कि वे फ्यूज होने की मानवीय अवधारणा से ऊपर हैं। वे चाहते थे कि मोहल्ले का हर जवान लड़का अपनी सोच का सिम कार्ड उनके दिमाग के स्लॉट में डाल दे। उनके पास जाने का मतलब था–खुद की पहचान की आहुति देना। वे एक ऐसे लैंपपोस्ट थे जो रोशनी तो कम देते थे, पर अपनी छाया में बैठने वालों से टैक्स वसूलने का हुनर बखूबी जानते थे। मिडिल क्लास के पेंशनभोगी बुजुर्ग उनके इर्द-गिर्द ऐसे परिक्रमा करते थे जैसे किसी शक्तिपीठ के चक्कर काट रहे हों। हजारीलाल जी का बुढ़ापा दरअसल एक 'कॉरपोरेट ऑफिस' था, जहाँ सम्मान केवल 'टर्नओवर' के आधार पर दिया जाता था। एक दिन गांव में घोषणा हुई कि 'राष्ट्रीय बुढ़ापा आयोग' एक ऐसी मशीन लाया है जो इंसान के शरीर की उम्र नहीं, बल्कि उसके 'दिमाग की उपयोगिता' नापेगी। हजारीलाल जी ने अपनी छड़ी को और मजबूती से पकड़ा और घोषणा कर दी कि इस मशीन की पहली टेस्टिंग उन पर होगी, ताकि दुनिया देख ले कि असली प्रकाश का स्रोत कौन है। पूरा गांव उमड़ पड़ा। दरिद्र बूढ़े अपनी कोठरियों से निकलकर दूर खड़े तमाशा देखने लगे।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 31 जनवरी 2026 शनिवार
सूर्योदय - 07:12 सूर्यास्त 18:09
माघ मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 09:00 से 10:30 तक
तिथि - त्रयोदशी 08:26 उपरांत चतुर्दशी 05:53 उपरांत पूर्णिमा
नक्षत्र - पुनर्वसु 25:34 उपरांत पुष्य
योग - विष्कुंभ 13:33 उपरांत प्रीति
करण - तैतिल
चन्द्रमा - मिथुन में है। 20:01 पर कर्क मे प्रवेश करेगा
मुस्लिम मास - सावान मास 11 तारिख

**मेष-** धन प्राप्ति सुगम होगी। पराक्रम बढ़ेगा। जीवनसाथी से आर्थिक मतभेद हो सकते हैं।

**वृषभ-** कामकाज में आशानुरूप स्थिति बनेगी। संतान के व्यवहार पर नजर रखें। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा।

**मिथुन-** धनलाभ होगा। प्रसन्नता बनी रहेगी। वाहन सुख मिलेगा। संपत्ति के लेन-देन में सावधानी बरतें।

**कर्क-** परिवार में सहयोग का वातावरण रहेगा। मेहनत का फल मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। यात्रा सफल रहेगी।

**सिंह-** व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा। संतान पर ध्यान दें। जल्दबाजी व भागदौड़ से कार्य करने की प्रवृत्ति पर रोक लगाएं।

**कन्या-** पारिवारिक जीवन अच्छा रहेगा। रुका पैसा मिलेगा। शत्रु आपकी छवि को धूमिल करने का प्रयास करेंगे। अतः सावधान रहें।

**तुला-** फालतू खर्च होगा। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। कुसंगति से बचें। दूसरों पर भरोसा न करें। पराक्रम दिखलाने का अवसर है।

**वृश्चिक-** नए अनुबंध होंगे। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। अनावश्यक विवाद होगा।

**धनु-** जल्दबाजी व भागदौड़ से काम करने की प्रवृत्ति पर रोक लगाएँ। अच्छे मित्र से भेंट होगी।

**मकर-** पराक्रम की वृद्धि होगी। समाज-परिवार में आदर मिलेगा। योजना फलीभूत होगी।

**कुंभ-** लाभ होगा। पिछले कार्यों को टालना चाहिए क्योंकि उसमें असफलता का योग है। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी।

**मीन-** राजकीय बाधा दूर होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। शत्रुभय रहेगा। व्यावसायिक योजनाएँ क्रियान्वित नहीं हो पाएँगी।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा (भरदीवाले) 9926034545

**समसामयिक**

## नीमच से रामगंज मंडी रेल्वे लाइन निर्माण की मांग पूरी की जाए

हमारे देश के रेल मंत्रालय से देश के कई हिस्सों से जनमानस रेल्वे लाइन निर्माण की मांग करते हुए आए हैं लेकिन रेल मंत्रालय के नक्कार खाने से मांगों को अनसुना कर टाल दिया जाता रहा हैं। ऐसी ही एक मांग और है जो कई वर्षों से क्षेत्रवासियों जरूरत द्वारा की जाती रही हैं वह है 125 किलोमीटर नीमच से लेकर रामगंज मंडी तक कि जिसकी मांग क्षेत्रवासियो ने लंबे समय की हैं मंदसौर, नीमच जिलों का जनमानस और रहवासी बहुत लंबे समय से रेल मंत्रालय से नीमच- रामगंज मंडी तक रेल्वे लाइन निर्माण की मांग करते हुए आए हैं लेकिन अभी तक लंबे समय से क्षेत्रवासियों की मांग पूरी नहीं हो पाई है। मुझे ट्रेन में सफर के दौरान मंदसौर, नीमच जिलों के क्षेत्रवासियों ने अपनी व्यथा सुनाते हुए एक खास मुलाकात के दौरान बताया है कि मंदसौर, नीमच जिलों की जनता विगत पंद्रह वर्षों से रेल मंत्रालय से नीमच- रामगंज मंडी रेल्वे लाइन निर्माण की मांग करती हुई आई है लेकिन रेल मंत्रालय ने उक्त रेलगाड़ी की मांग को ठंडे बस्ते में डालकर बहाने बाजी करते हुए क्षेत्रवासियों की मांग को अनसुना कर दिया है। क्षेत्रवासियों ने यह भी बताया कि उक्त रेल्वे लाइन का रेल मंत्रालय द्वारा वर्ष 2016 - 17 में मनासा, कुण्डेश्वर, गांधी सागर होते हुए रामगंज मंडी तक सर्वे कार्य भी किया जा चुका है लेकिन राजनीतिक दलों की अरुचि, राजनीतिक दलों के नेताओं के नेतृत्व की कमी के कारण और रेल मंत्रालय द्वारा बहाने बाजी करते हुए उक्त रेल्वे लाइन निर्माण का कार्य अभी तक अटका कर लेट लतीफी करते हुए आगे तक नहीं बढ़ाया जा रहा है। मेरे विचार से भी रेल मंत्रालय उक्त ट्रेन की सौगात क्षेत्रवासियों को देने के पक्ष में बिल्कुल भी नहीं है और रेलगाड़ी की सौगात देने के बहाने टाल-मटोल कर रहा हैं रेल मंत्रालय। जबकि उक्त रेल्वे लाइन आर्थिक विकास एवं शिक्षा, रोजगार, पर्यटन, व्यापारिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, सामाजिक परिवेश की दृष्टि से भी यह तकरीबन 125 किलोमीटर की दूरी की रेल्वे लाइन मंदसौर, नीमच जिलों की जनता के लिए बहुत ही फायदेमंद, वरदान दायक और लाभप्रद साबित होगी। यह रेलगाड़ी इंदौर के यात्रियों के लिए भी उपयोगी साबित हो सकती हैं। नीमच से बस द्वारा रामगंज मंडी जाने में यात्रियों को 150 किलोमीटर का रास्ता तय करना पड़ता है जिससे यात्रियों को किराया भी अधिक देना पड़ता है और समय की भी बर्बादी होती हैं। इसलिये जरूरत है केवल उक्त रेल्वे लाइन निर्माण की दृष्टि से मंदसौर और नीमच जिलों के गांवों, कस्बों, नगरो को राजस्थान के रामगंज मंडी जैसे प्रसिद्ध व्यापारिक शहर से जोड़े जाने की। इसके अतिरिक्त गांधी सागर बांध को लेकर पर्यटन की दृष्टि से भी यह रेल्वे लाइन मील का पत्थर साबित होगी एवं मंदसौर, नीमच जिलों के विकास, रोजगार एवं यात्रियों की सुविधा के लिए रेल मंत्रालय द्वारा शीघ्रता शीघ्र नीमच- रामगंज मंडी रेल्वे ट्रैक बनाए जाने की सख्त जरूरत है। यह रेल्वे लाइन आर्थिक एवं अन्य कई दृष्टि से लाभदायक साबित होगी। जरूरत है केवल रेल्वे ट्रैक को बनाए जाने की। रेल मंत्रालय द्वारा इस तरफ ध्यान देने की सख्त जरूरत है।






डॉ. मदनलाल गांगले (दैनिक अवन्तिका)

# पर्याप्त नींद रात्रि में, हल्की झपकी दोपहर में पर्याप्त है, क्यों?

नींद का मनुष्य के जीवन में एक महत्वपूर्ण पक्ष है। मनुष्य अपने जीवन का एक तिहाई हिस्सा सोते हुए गुजार देता है। नींद में परिवर्तन होने से मनुष्य की कार्य क्षमता पर भी बहुत प्रभाव पड़ता है। आखिर नींद के लिए लोग इतना परेशान क्यों होते हैं ? क्योंकि नींद एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसके द्वारा शरीर आराम पाता है। गहरी नींद से व्यक्ति तनाव रहित हो जाता है। हमें तब तक नींद नहीं आती है ,जब तक की दिमाग का दुनिया से सीधा नाता जुड़ा होता है, और दिमाग एवं देह दोनों ही हरकत में चलते रहते हैं। स्पष्ट है कि जब तक तनाव रहता है तब तक नींद नहीं आती और जहां विचार बिल्कुल खत्म हो जाते हैं तब नींद अचानक आ जाती है। इसलिए यह जरूरी है कि सोने के समय अपने चिंतन को बिल्कुल बंद कर देना चाहिये।



डॉ. बी.आर. नलवाया, (दैनिक अवन्तिका)

भागदौड़ की जिंदगी और काम का दबाव के कारण हर कोई व्यक्ति सही मात्रा में नींद नहीं ले पा रहा है। वही दुनिया में अमेरिका से लेकर भारत तक में बेहतर नींद के लिए सप्लीमेंट्स लेने वालों की संख्या बढ़ रही है। अमेरिका में रोग नियंत्रण केंद्र के अनुसार 18 प्रतिशत लोग बेहतरीन नींद लिए स्लिप सप्लीमेंट्री लेते हैं ,वहीं भारत में यह संख्या करीब 12 प्रतिशत है। जीवन शैली के बदलाव में सामान्य दवाओ ,प्राकृतिक उपचार, थैरेपी की तकनीकों के साथ लेने को स्लिप सप्लीमेंट कहते हैं। रात की बेहतरीन नींद ही शरीर को दिन भर काम करने की ऊर्जा प्रदान करती है। यह इम्यूनट सिस्टम को बेहतर बनाती है। तनाव घटाती है, मस्तिष्क के रूप में कार्य करने की क्षमता को बेहतर बनाती है। देखा गया भारतीय दुनिया भर में कम नींद लेने के मामले में दूसरे नंबर पर है। भारतीय ओसतन 7.1 घंटे की नींद लेते हैं जो की अच्छी सेहत के लिए निर्धारित 7 से 9 घंटे की नींद पर्याप्त होनी चाहिए। कम नींद के कारण की समस्या बनकर उभरती है।

एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार देश में स्लिप डिवोर्स का चलन तेजी से बढ़ रहा है। हालत यह है,कि अच्छी नींद और निरोगी काया के लिए 78 प्रतिशत भारतीय जोड़े अलग-अलग नींद का आनंद लेते हैं, सोने का विकल्प चुनते हैं। नींद की कमी गंभीर स्वास्थ्य जोखिम से जुड़ी है। इसमें मानसिक तनाव, खतरनाक ड्राइविंग प्रमुख है, नींद में बाधा डालने वाले कारणों में साथी का खर्राटे लेना ,तेज सांस लेना, बेचैनी असामान्य नींद का समय और बिस्तर पर लेकर स्क्रीन का उपयोग किया जाना।वे लोग जो अलग-अलग सोने का विकल्प चुनते हैं। बेहतर नींद की गुणवत्ता और स्थिर या बेहतर रिश्तों की बात कहते हैं।

वैसे एक्सपर्ट का कहना है कि साथ सोने के भी फायदे हैं। यह ऑक्सीटोसिन (लव हारमोंस) को बढ़ाता है, जिससे तनाव के स्तर में कमी आती है। अमेरिकी डॉक्टर शिपर्स ने कहा निद्रा का सबसे प्रमुख शत्रु है चिंता अतः हमें चिंता रहित होकर सोना चाहिए। बिस्तर पर लेटने के पश्चात ना तो आने वाले कल के बारे में और नहीं दिनभर की कार्यकलापों के बारे में विचार करना चाहिए। लेटते ही बिजली के स्विच की भांति विचारों के स्विच को भी बंद कर देना चाहिए। नींद के लिए गोलियों का सेवन भी किया जाता है जो कि स्वास्थ्य के लिए बहुत नुकसानदेह होता है। नींद सैकड़ों मर्ज की एक दवा, लेकिन आज तनाव और चिंता के दौर में नींद कहीं काफूर हो गई है और सुबह बड़ी बोझिल लगती है।

इसलिए आज हमें यह देखना है कि गहरी नींद में शरीर के अंग प्रत्यंग को आराम मिलता है ,खर्च हुई शक्ति पुनः प्राप्त होती है। गहरी नींद में श्वास गति धीमी होकर नाड़ी धीरे धीरे चलती है। मस्तिष्क में रक्त प्रवाह कम होकर स्पर्श और श्रवण शक्ति का लोप हो जाता है।

**धर्म-आस्था**

# क्या खेचरी मुद्रा से भूख और प्यास पर नियंत्रण संभव है?

भारतीय समाज में कई ऐसे ऋषि-मुनि हुए, जिन्होंने वर्षों भूखे-प्यासे रहकर तपस्या की है। लोगों के लिए ये एक रहस्य हुआ करता था कि वो आखिर बिना भोजन के इतने समय तक रह कई लेते हैं लेकिन फिर जब लोगों को योग के बारे में जानकारी होने लगी, तो उन्हें पता चला कि योग में खेचरी मुद्रा की मदद से साधक न केवल अपने भूख-प्यास पर नियंत्रण पा सकता है बल्कि आयु को भी धीमा कर सकता है।

ईश्वर की साधना में लीन होने के लिए भूख-प्यास, नींद, मौसम और इन्द्रियों के विकार पर नियंत्रण बेहद आवश्यक है। पहले यह एक रहस्य था कि साधु समाज कैसे वर्षों तक भूखे-प्यासे रहकर कठोर तपस्या कर लेते थे लेकिन बाद में इस रहस्य को उजागर किया गया और खेचरी मुद्रा के बारे में लोगों को अवगत कराया गया। भारतीय योग में खेचरी मुद्रा एक अत्यंत गूढ़ और शक्तिशाली योग मुद्रा है, जिसे हठ योग और तंत्र योग में विशेष स्थान दिया गया है। यह मुद्रा साधक को भूख-प्यास, इंद्रिय-विकारों और मृत्यु के भय पर नियंत्रण दिलाने वाली मानी जाती है। खेचरी का अर्थ है चेतना को ऊर्ध्वगामी बनाना। इस मुद्रा की मदद से योगी अपने कपाल में मौजूद उस अमृत का थोड़ा-थोड़ा रसास्वादन करते रहते हैं, जो उन्हें भूख-प्यास नहीं लगने देती और ना ही उनकी उम्र बढ़ने देती है। ये सच है कि ये सुनना थोड़ा अजीब लग सकता है कि हमारे कपाल में अमृत है और किसी योग मुद्रा की मदद से इसे चखा जा सकता है, लेकिन ये सच है। इस रहस्य का उजागर स्वयं प्रसिद्ध संत रहे देवराहा बाबा ने किया था। हालांकि, ये प्रक्रिया बहुत जटिल है लेकिन आज के समय में कई लोग हठ योग करते हैं, तो उनके लिए इसका अभ्यास उठना रहस्यमयी और कठिन नहीं रहा है।



खेचरी मुद्रा क्या है?

हठयोग प्रदीपिका में कहा गया है कि खेचरी मुद्रा से योगी मृत्यु, वृद्धावस्था, और भूख-प्यास पर विजय प्राप्त कर लेता है। गोरखनाथ ने इसे शरीर के भीतर अमृत ग्रंथि को सक्रिय करने वाली मुद्रा कहा है, जिससे भूख, प्यास और काल पर विजय संभव है। लाहिरी महाशय के अनुसार, खेचरी मुद्रा से मानसिक और आध्यात्मिक ऊर्जा का संरक्षण होता है, जिससे साधक निराहार अवस्था में भी सहजता से साधना कर सकता है। खेचरी मुद्रा में जिह्वा (जीभ) को लंबा करके उसे धीरे-धीरे पीछे की ओर घुमाया जाता है ताकि वह तालु के ऊपर की ओर चली जाए और फिर अंततः नासाफेरिंक्स यानी नाक और कंठ के बीच की गुहा में प्रवेश कर जाए। इसके लिए जीभ को पर्याप्त लम्बा (जीव्हा मोर्चन के द्वारा) करने का अभ्यास किया जाता है। गलत तरीके से करने पर जीभ, तालु या स्नायु को नुकसान हो सकता है। जब यह स्थिति प्राप्त हो जाती है, तब साधक भीतर के अमृत स्रोत (ब्रह्मरंध्र के पास स्थित बिंदु ग्रंथि) को सक्रिय कर पाता है। विज्ञान के अनुसार, भूख और प्यास की अनुभूति मस्तिष्क के हाइपोथैलेमस से जुड़ी होती है और खेचरी मुद्रा का अभ्यास तंत्रिका तंत्र को शांत करता है, जिससे इन उत्तेजनाओं में कमी आती है। जीभ के इस स्थान पर रखने से पैरासिम्पेथेटिक नर्व सिस्टम सक्रिय होता है, जिससे भूख की अनुभूति मंद पड़ जाती है। कुछ योगियों के अनुसार, लार का स्वाद अमृत जैसा होता है, जो शरीर को ऊर्जा देने में सहायता करता है और भोजन की आवश्यकता घटती है। पूर्ण खेचरी मुद्रा उन्नत साधकों के लिए होती है और इसे गुरु के मार्गदर्शन में ही करें।

खेचरी मुद्रा का उद्देश्य और लाभ योगियों के लिए इस मुद्रा को करने का उद्देश्य प्राणशक्ति को ऊपर उठाना होता है, जिससे साधक ध्यान में गहराई से जा सके। उसका इन्द्रियों पर नियंत्रण हो सके, विशेषकर भूख, प्यास और कामेच्छा पर। अमृत रस की धारा को सक्रिय कर योगी अपने शरीर को दीघार्यु व ऊर्जावान बना पाता है। यह मुद्रा योगियों के ऊर्जा का संरक्षण, ब्रह्मचर्य और प्राणशक्ति का संचय करने में भी मदद करता है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1000-2975 चना काबली- 2910-8470, चना बड़ा- 5160-5915, बटला- 3317, रायड़ा- 7580, उड़द- 4350, धनिया- 8551, सोयाबीन- 1751-6212, मैथीदाना- 4720, असली- 6100, मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,85,000, रवा- 1,84,800 चांदी- टंच- 3,76,500 पाट- 3,75,500।


## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**


किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

## न्यूज-कॉलम



### भव्य कलश यात्रा के साथ संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का किया शुभारंभ

**तनोडिया।** समीपस्थ ग्राम कुमारिया पिपलोन हनुमान मंदिर परिसर पर सात दिवसीय श्री मद्भागवत कथा कथा का बुधवार को कलश यात्रा के साथ संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ हुई। कथा के प्रथम दिन पांडाल में कथा पंडित गोपालकृष्ण महाराज ने भगवान शिव की पूजा का महत्व समझाया। आपने श्रोताओं को बताया कि शिवजी को दूध और जल चढ़ाया जाता है। लक्ष्मी जी की कृपा अति शीघ्र चाहिए तो गन्ने के रस से भगवान शिव का अभिषेक करना चाहिए। अनार के रस से भगवान शिव का अभिषेक करने तुरंत रोगों से मुक्ति मिलेगी। आपने श्रोताओं को घर पर सकारात्मकता के लिए घर पर वास्तु अपनाने की सलाह दी। या पूजा स्थल पर मोर पंख, जन्माष्टमी पर चांदी की बांसुरी, गंगा जल और धर्म ग्रन्थ जैसे रामायण भगवद गीता रखने से भी घर में नकारात्मक ऊर्जा प्रवेश नहीं करेगी। कथा में बताया कि जगत में परमात्मा सर्वत्र विद्यमान है पर जैसे दूध में मक्खन, सीप में मोती और चकमक में आग होती है, पर दिखाई नहीं देती। इसी तरह भगवान सर्वत्र व्याप्त है। समिति के सदस्य अशोक सिंह गेहलोत ने बताया कि कथा दोपहर 12 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्रतिदिन चल रही हैं। साथ भंडारा में चल रहा है। कथा का समापन 3 फरवरी को होगा।

### पद्म श्री सम्मान मिलने पर किया उपाध्यक्ष मोहन नागर का सम्मान



**सारंगपुर।** माता बिजासन धाम भैंसवामाता में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद प्रदेश उपाध्यक्ष राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त जल प्रहरी मोहन नागर को हाल ही में भारत सरकार द्वारा बैतूल जिले में पर्यावरण ओर जल संरक्षण में उत्कृष्ट कार्य करने पर पद्म श्री सम्मान दिया गया है। जिले के निवासी होने पर जिले भर के साथ भैंसवा माताजी क्षेत्र में भी उनके इस उत्कृष्ट सम्मान मिलने पर खुशी की लहर व्याप्त हे उसी क्रम में गुरुवार को माता बिजासन धाम पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिको एवं जन अभियान परिषद के कार्यकताओं द्वारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर माता बिजासन की पूजा अर्चना के उपरांत उपस्थित नागरिकों के बीच पद्मश्री मोहन नागर ने कहा कि यह समान मेरा अकेले का सम्मान नहीं यह सम्मान हर उस व्यक्ति का सम्मान हे जिसके द्वारा पर्यावरण संरक्षण जल संरक्षण में अपनी महती भूमिका निभाई है। हमे वर्षा जल को संचय करने के लिए संरक्षण अभियान चलाया जाना चाहिए हम सब मिलकर चाहे तो हर क्षेत्र से जल समस्या दूर कर सकते हैं।

### खेलों एमपी यूथ गेम्स की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित

**राजगढ़।** संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग म.प्र. भोपाल द्वारा आयोजित खेलों एमपी यूथ गेम्स की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में राजगढ़ के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजयी आगाज किया। भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में बालक वर्ग में 100 मी.इवान लाईजेन, 400 मी.तंमय जाट, लांग जम्प में प्रिंस तथा 4100 मी.रिले में एवं बालिका वर्ग में 400 मी. में इजया राजपूत ने फाईनल राउण्ड में क्वालिफाई किया। जबलपुर में आयोजित राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में बालक वर्ग ने बड़वानी एवं देवास को हराकर अगले राउण्ड में क्वालिफाई किया। सागर में आयोजित राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में बालक वर्ग में 66 कि.ग्रा वेंट कैटेगिरी में ज्योतिराज प्रजापति ने फाईनल राउण्ड में क्वालिफाई किया हैं। नर्मदापुरम में आयोजित राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में बालक वर्ग में नीरज दांगी, अर्थव अग्रवाल एवं बालिका वर्ग में भव्या राजपूत ने 6 राउण्ड में से 4 राउण्ड जीतकर कर शानदार प्रदर्शन किया हैं।

### मौके से फरार दो आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**राजगढ़।** 2 जनवरी के दरमियानी रात्री में खिलचीपुर वृत्त प्रभारी अंकित चौहान द्वारा क्षेत्र गश्त के दौरान ग्राम हिनोतिया में संदिग्ध मारूति चैन एम.पी. 42 बीसी 2183 अवैध रूप से परिवहन करते हुए 14 पेटी में 126 बल्क लीटर देशी प्लेन मदिरा बरामद की। आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार होने से अज्ञात आरोपी के विरूद्ध म.प्र.आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क, 34(2) के अंतर्गत आपराधिक प्रकरण कॉयम कर विवेचना में लिया। उक्त प्रकरण में आबकारी दल ने कार्यवाही करते हुए साक्ष्यों के आधार पर मौके से फरार आरोपी देवीलाल पिता गोर्वधन तवंर 40 खुटियाबेह पोस्ट समेली खिलचीपुर तथा पर्वतसिंह पिता करणसिंह सौंधिया जीरापुर को गिरफ्तार कर दोनों आरोपियों को जेएमएफसी न्यायालय खिलचीपुर के समक्ष पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल राजगढ भेजा। उक्त प्रकरण में मदिरा के अवैध परिवहन में प्रयुक्त मारूति वन एम.पी. 41 बीसी 2183 के स्वामी के संबंध में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी से जानकारी प्राप्त की जा रही है।

### बोर्ड परीक्षाओं में नकल पर रहेगा अंकुश, परीक्षा केंद्र पर रहेगी कड़ी निगरानी

**राजगढ़।** आगामी बोर्ड परीक्षाओं को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं नकल-मुक्त वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा व्यापक एवं सख़्त निगरानी व्यवस्था लागू की गई है। जिले के सभी परीक्षा केंद्रों पर उड़नदस्ता दलों की सक्रिय तैनाती के साथ सीसीटीवी कैमरों एवं साइबर सेल के माध्यम से प्रत्येक गतिविधि पर निरंतर नजर रखी जाएगी। परीक्षा के दौरान नकल करना अथवा मोबाइल फोन, ब्लूटूथ, स्मार्ट वॉच, ईयरफोन सहित किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक या अनुचित साधनों का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। निर्धारित नियमों का उल्लंघन करने वाले परीक्षार्थियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी, इसके अतिरिक्त परीक्षा से संबंधित भ्रामक, अफवाह, गुमराह करने वाली सूचनाएं प्रसारित करने वालों पर साइबर सेल द्वारा निगरानी रखी जा रही है। दोषी पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध वैधानिक प्रावधानों के अंतर्गत कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# रोड निर्माण से आम रास्ता अवरुद्ध, एसडीएम को ज्ञापन देने पहुंचे ग्रामीण

## एसडीएम ने जांच उपरांत सुधार कराने का दिया आश्वासन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर



मऊ से तलेन तक बनाई गई 25 किमी सड़क के निर्माण में कई तरह की परेशानी लोगों को झेलनी पड़ रही है, कई स्थानों पर आमजन मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। इसी समस्या को लेकर शुक्रवार को सारंगपुर पहुंचकर पड़ाना कालोनी के निवासियों ने एसडीएम रोहित बम्हौरे को ज्ञापन सौंपा। जिसमें ग्रामीणों ने मांग करते हुए कहा कि बीते डेढ वर्ष से गोडेक कांट्रेकसन कंपनी के ठेकेदार द्वारा रोड निर्माण कार्य गांव के झिरी स्थान पर चल रहा है।

उक्त स्थान पर पूर्व में सीसी रोड था, जिसे हटाकर सडक को काफी ऊँचा कर दिया गया है। सड़क ऊँची हो जाने के कारण किसानों के आम रास्ते में अत्यधिक समस्या उत्पन्ना हो गई है। लोग इससे गिरकर चोटिल हो रहे है। जबकि इस मार्ग से किसान अपने पशुओं को ले जाने, ट्रैक्टर, हार्वेस्टर एवं अन्य कृषि कार्यों हेतु आवागमन करते थे, जो अब कठिन हो गया है। वही छोटे-छोटे बच्चों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि उक्त मार्ग से मेडतवाल धर्मशाला, सामुदायिक भवन, नरसिंह कॉलोनी तथा आसपास के किसानों का आवागमन होता है। सडक ऊँची होने के कारण बारिश के समय पानी भर जाता है तथा फिसलन व दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। इससे ग्रामवासियों एवं किसानों को रोजमर्रा के कार्यों में भरी परेशानी का सामना करना पड रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि हमने कई बार संबंधित कार्य एजेंसी एवं जिम्मेदारों को मौखिक रूप से अवगत कराया गया, लेकिन आज दिनांक तक कोई उचित समाधान नहीं किया गया है। यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो भविष्य में विवाद एवं दुर्घटना की स्थिति भी बन सकती है। ग्रामीणों ने मौके पर जांच कराकर संबंधित विभाग को निर्देशित किए जाने की मांग कि ताकि किसानों एवं ग्रामवासियों के लिए आम रास्ता सुचारु रूप से चालू किया जा सके और किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचाव हो सके। उल्लेखनीय है कि सड़क निर्माण के दौरान मार्ग की ऊंचाई बढाने के बाद बुनकर कालोनी चौकी के सामने स्थिति रास्ते को भी ठेकेदार द्वारा बिना एप्रोच रोड जोड़े ऐसे ही छोड दिया है, जबकि चौकी को जोड़ने वाले मार्ग पर डामरीकरण कर दिया गया है। ग्रामीणों ने मुख्य सड़क से कालोनियों को जोड़ने वाले समस्त मार्गो पर एप्रोच सड़क बनाने की मांग की है ताकि समस्याओं को सामना आमजन को न करना पड़े। ज्ञापन देने वालो में जगदीश पुष्पद, मनोहर परमार, बाबूलाल परमार, बद्रीप्रसाद गुर्जर, राकेश सेन, बंटी यादव, मनोहर खाती, मानसिंह गुर्जर आदि शामिल थे।

# आफत बनकर बरसी बारिश, ओलावृष्टि से संतरा, गेहूं, प्याज-लहसुन सहित फसलें तबाह

दैनिक अवन्तिका ▸▸ तनोडिया

क्षेत्र में मंगलवार को अचानक बदले मौसम ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। तेज आंधी के साथ मावठे की बारिश और कई गांवों में हुई ओलावृष्टि से प्याज, लहसुन, गेहूं, सरसों और संतरा जैसी प्रमुख फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। खेतों में खड़ी फसलें आड़ी पड़ गईं, जबकि संतरे के बागानों में बड़ी संख्या में फल जमीन पर गिर गए।

तेज हवा के चलते कई स्थानों पर पेड़ जमींदोज हो गए। ओलों की मार से गेहूं की बालियों से दाने झड़ गए वहीं सब्जी फसलों में भी व्यापक नुकसान हुआ है। किसानों का कहना है कि इस प्राकृतिक आपदा ने उनकी कमर तोड़कर रख दी है।

दोपहर बाद अचानक घने बादल छाए और तेज हवा के साथ बारिश शुरू हो गई। कुछ ही देर में कई गांवों में ओलावृष्टि होने लगी, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। लोग घरों में दुबक गए और खेतों में पानी भरने से फसलों का नुकसान और बढ़ गया।

फसल चौपट होने से किसानों में गहरा आक्रोश और चिंता देखी जा रही है। किसानों ने राजस्व और कृषि विभाग के अधिकारियों से तुरंत मौके पर पहुंचकर फसल सर्वे कराने और शीघ्र मुआवजा देने की मांग की थी। किसान नरेंद्र सिंह राठौर, अर्जुन सिंह राठौर,कान्हा जौधाणा, सत्यनारायण यादव,श्याम पाटीदार, गंगाराम मालवीय, ने बताया कि यदि आगे भी मौसम का यही मिजाज रहा तो बची हुई फसल भी पूरी तरह बर्बाद होने के आसार हैं।

आने वाले दिनों में बादल छाए रहने और हल्की बारिश की संभावना जताई जा रही है, जिससे किसानों की परेशानी और बढ़ सकती है। हल्का पटवारी संदीप जोशी ने कहा कि तनोडिया ओर आसपास बारिश ओर गार गिरने से फसल खराब हुई हे। खेतों पर जाकर किसानों से भी जानकारी ली जा रही है। बुधवार को एसडीएम मिलीद ढोके तहसीलदार गिरीश सुर्यवंशी सहित भाजपा जिलाध्यक्ष ओम मालवीय, विधायक मधु गेहलोत, भेरुसिंह चौहान, और किसान संघ के पदाधिकारियों भी साथ थे।

## मेडली पीआर एवं सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा में लापरवाही पर सख्ती

**राजगढ़।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मेडली पीआर एवं सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में संबंधित विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि ब्लॉक स्वास्थ्य अधिकारी नरसिंहगढ़, खुजनेर एवं खिलचीपुर द्वारा मेडली पीआर की रिपोर्ट समय पर पोर्टल पर दर्ज नहीं की गई है। इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों के निलंबन का प्रस्ताव आयुक्त को भेजने के निर्देश दिए। इसी क्रम में डॉ.धर्मेंद्र बामनिया तलेन, डॉ.प्राची गहलोत एवं डॉ. सावन कोडिया के विरुद्ध लापरवाही पाए जाने पर निलंबन नोटिस जारी करने हेतु प्रस्ताव कमिश्नर को भेजने के निर्देश दिए। वहीं दूसरी ओर, कलेक्टर ने अच्छा एवं संतोषजनक कार्य करने पर जिला अस्पताल राजगढ़ तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जीरापुर एवं माचलपुर को प्रशंसा पत्र प्रदान करने की घोषणा की। कलेक्टर ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों एवं संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि सड़क दुर्घटनाओं से जुड़े मामलों में अज्ञात वाहनों की पहचान कर उनका शीघ्र खात्मा करें तथा सभी प्रकरण रिपोर्ट सहित निर्धारित समय-सीमा में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि शासन की योजनाओं एवं जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## अखिल भारतीय गुजराती बलाई समाज युवा संघ समाज की प्रवास दल की बैठक सम्पन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर



अखिल भारतीय गुजराती बलाई समाज युवा संघ समाज की प्रवास दल की बैठक आदर्श गुजराती बलाई समाज धर्मशाला झारड़ा कटन महिदपुर में संपन्न हुई जिसमें युवा संघ में सेक्टर योजना के नए सदस्यों को ग्राम अध्यक्ष व ग्राम सचिव की नियुक्ति कर प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए व सभी को संगठन के विषय में विस्तृत से जानकारी दी गई समाज को कैसे शिक्षित संस्कारी विकसित समाज बनाना है वह समाज में फैली कुरीतीयों को कैसे मिटाना है।

बैठक में मुख्य अतिथि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सोलंकी, प्रदेश कार्यकारिणी के प्रवक्ता व विधि सलाहकार आकाश परमार मुंजा खेड़ी, उज्जैन जिला ग्रामीण अध्यक्ष मुकेश धानक भाखेडा, उज्जैन शहर अध्यक्ष मुकेश बारोड, जिला प्रभारी मुकेश पंवार जोड़मा लक्खा, जिला उपाध्यक्ष हाकमसिंह पारेगी मोयाखेड़ा, झारडा तहसील प्रभारी राधेश्याम राठौर रावतखेड़ी, महिदपुर तहसील अध्यक्ष विक्रम सिंह सोलंकी, धर्मशाला समिति के कोषाध्यक्ष मोहनलाल आक्यालिम्बा, बालाराम महूडी, श्यामलाल राठौड़ बैजनाथ, मनीष पंवार चोरवासा, रायसिंह चैहान पिपलिया धुमा, मिश्रीलाल राठौड़ जवासियापंथ, भारतलाल राठौड़ बैजनाथ, भादरलाल कुवाडिया, रामसिंह पारेगी चोरवासा, शंकरलाल राठौर जवासियापंथ, अंतरसिंह परमार विसलखेड़ी, व युवा संघ के और भी कई साथी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन झारडा तहसील प्रभारी राधेश्याम राठौर द्वारा किया गया। आभार महिदपुर तहसील अध्यक्ष विक्रमसिंह सोलंकी द्वारा किया गया।

## शा.उ.मा.वि. में तेजस्वी कार्यक्रम के अंतर्गत तेजस्वी मेले का आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर



शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, महिदपुर में तेजस्वी कार्यक्रम के अंतर्गत तेजस्वी मेले का भव्य आयोजन किया गया। इस मेले का उद्देश्य छात्राओं में उद्यमिता, कौशल विकास और आत्मनिर्भरता की भावना को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती नानी बाई ओमप्रकाश एवं विशिष्ट अतिथियों भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष श्रीमती उमा पांडे, वार्ड पार्षद श्रीमती आशा राठौर एवं पूर्व जिला मंत्री अन्नपूर्णा परमार, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अरुण बुरड़, एवं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कैलाश बगाना द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। विद्यालय के प्राचार्य अर्जुन सिंह दावरे द्वारा सभी अतिथियों का पुष्पहार से स्वागत किया गया। विद्यालय परिसर में विभिन्न स्टॉल लगाए गए जिनमें छात्राओं ने अपने द्वारा तैयार किए गए शैक्षणिक मॉडल, हस्तशिल्प सामग्री, विज्ञान प्रोजेक्ट, खाद्य पदार्थ तथा रचनात्मक कला का प्रदर्शन किया। सभी स्टॉलों पर छात्राओं का उत्साह और रचनात्मकता देखने योग्य थी। तेजस्वी कार्यक्रम के प्रभारी इरफान खान ने कार्यक्रम के उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि तेजस्वी कार्यक्रम विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान और आत्मविश्वास प्रदान करता है। ऐसे आयोजनों से छात्राओं को नई सोच और स्वरोजगार की दिशा में प्रेरणा मिलती है।

अतिथियों ने छात्राओं के प्रयासों की सराहना की और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण, अभिभावक और बड़ी संख्या में छात्राएँ उपस्थित रहीं। अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। तेजस्वी मेला सफलतापूर्वक और उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

### भागवत पुराण में श्री कृष्ण भगवान का जन्मोत्सव धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया

**सारंगपुर।** समीपस्थ ग्राम इकलेरा में समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से सप्त दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस भागवत पुराण में श्री कृष्ण भगवान का जन्मोत्सव बडे धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया। कथा के दौरान कथावाचक पं जितेंद्र शास्त्री शुजालपुर वालो के द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया। उन्होंने भक्त प्रहलाद की कथा, भक्त ध्रुवजी महाराज का वर्णन किया। जिसमे बडी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। व्यास पीठ पर वैदिक मंत्रोच्चार प गोपाल बैरागी इकलेरा और पं रोहित शर्मा उज्जैन और रात्रि कथा देवनारायण भगवान की लीलाओ का वर्णन पं रमेश शर्मा दोबडाजागीर वाले द्वारा किया जा रहा है, जिसमे आसपास के गांव तारागंज, निडडली, बबाडलिया, गुलावता, भूरखेडी, धनोरा गांव के भक्त जन उपस्थित हुए।

## दो दिन पहले आई तेज हवा, बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

दो दिन पहले आई तेज हवा, बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। खेतों में खडी फसलें बर्बाद हो गईं। फसलें पककर तैयार थीं। अचानक आई इस प्राकृतिक आपदा से किसानों को भारी नुकसान हुआ है। अब किसान फसलों के सर्वे की मांग कर रहे हैं। यह बात शुक्रवार को तहसील में एसडीएम रोहित बम्हौरे एवं तहसीलदार आकाश शर्मा को ज्ञापन सौंपते हुए किसानों ने कही। ओला वृष्टि से हुई फसल खराब का सर्वे करवाकर, बीमा राशि व मुआवजा राशि प्रदान करने की मांग की गई। ज्ञापन देने वाले खजुरिया घाटा गांव के किसानों ने कहा कि अब तक कोई अधिकारी खेतों में नहीं पहुंचा। फसलें आडी पडी हैं।

नुकसान का सही आकलन जरूरी है। किसानों की मांग है कि अधिकारी खुद खेतों में जाकर फसलों की स्थिति देखें। इससे नुकसान का सही आंकलन हो सकेगा। किसानों ने कहा कि 27 जनवरी को ओला वृष्टि में ग्राम खजुरिया घाटा के किसानों की फसल गेंहू, चना, मसूर आदि फसले नष्ट हो चुकी हैं। ओला वृष्टि के कारण फसले नष्ट होने से किसानो को काफी आर्थिक नुकसान हुआ हैं।

किसानों ने निवेदन करते हुए कहा कि हम किसानो की भूमि की जो फसले नष्ट हुई हैं उस फसल का सर्वे करवाया जाए तथा हम किसानो को आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। हम किसानो की आर्थिक स्थिति को देखते हुये फसल का सर्वे करवाकर फसल का बीमा, मुआवजा प्रदान किया जाए। एसडीएम बम्हौरे एवं तहसीलदार आकाश शर्मा ने जल्द ही नुकसान का सर्वे कराने का आश्वासन दिया।

# पशुपालन विभाग की योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए - श्री सिंह

## दुग्ध उत्पादन दोगुना करने का लक्ष्य निर्धारित करें

दैनिक अवन्तिका ▸▸ राजगढ़-ब्यावरा



संभागायुक्त संजीव सिंह ने संभागीय समीक्षा बैठक में सभी जिला कलेक्टरों से कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को दोगुना करने के महत्वकांक्षी लक्ष्य निर्धारित करें। उन्होंने कहा कि सभी कलेक्टर इसी योजना पर कार्य करें। उन्होंने कहा कि पशुपालन एवं डेयरी विभाग के महत्वपूर्ण अभियान के क्रियान्वयन को लेकर कार्य करें। जिसमें हिरण्यगर्भा अभियान, डॉ.भीमराव अंडेकर कामधेनु योजना, दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान एवं क्षीर धारा ग्राम योजना का मैदानी स्तर पर प्रभावी रूप से क्रियान्वयन करें। उन्होंने पशुपालन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि पशुपालन विभाग की योजनाओं को प्रभावी रूप से योजनाओं को क्रियान्वित करें। सभी कलेक्टर्स इसकी विशेष मॉनीटरिंग करें। दुग्ध उत्पादन एवं विक्रय के नये रूट तैयार किए जाए। सांची दुग्ध संघ के साथ संपर्क कर नेशनल हाईवे के ग्रामों के नये दुग्ध रूट तैयार करें ताकि दुग्ध उत्पादन एवं विक्रय समितियों के माध्यम से किया जाकर विशेष मॉनीटरिंग सिस्टम तैयार हो सके।

संभागायुक्त श्री सिंह ने कलेक्टरों से चर्चा में कहा कि ग्रामों को पशुपालन के स्तर, स्वास्थ्य एवं प्रबंधन के आधार पर क्षीर धारा ग्राम घोषित किया गया है। जिसमें शत-प्रतिशत पशुओं का एआई, वैक्सीनेशन एवं पशुओं की ट्रेगिंग शामिल हैं। संभाग के सभी जिलों में 451 ग्रामों का चयन किया गया है, जिसमें विभिन्न पैरामीटर पर बैस लाइन सर्वे जारी किया गया है। सभी ग्राम पंचायतों में क्षीर धारा ग्राम के नोडल बनाये गये हैं। इसके साथ ही क्षीर धारा ग्राम में बफर जोन के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में शत- प्रतिशत पशुओं का वैक्सीनेशन कार्य करने की योजना पर कार्य करें।

संयुक्त संचालक, पशुपालन ने बताया कि दुग्ध संपर्कता अभियान के अंतर्गत नस्ल सुधार पशु पोषण एवं पशु स्वास्थ्य के विषय पर पशुपालकों को जागृत करने के लिए जिला कलेक्टर्स के नेतृत्व में दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान तीन चरणों में चलाया जा रहा है। प्रथम चरण में संभाग के सभी जिलों के 36 हजार 850 पशुपालक जिनके पास 10 या 10 से अधिक गाय, भैंस हैं, से गृह भेंट कर उन्हें जागरूक किया गया है। द्वितीय चरण में 5 से 9 गाय, भैंस रखने वाले लक्षित पशुपालक जिसमें विभिन्न ग्रामों के 81873 पशुपालकों से उनके गृह में भेंट की गई। सभी पशुपालकों की ऑनलाइन मॉनीटरिंग के लिए पशुधन एप पर इंट्री की जा रही हैं। प्रदेश में चयनित ग्रामों को नस्ल सुधार, पशु पोषण एंव स्वास्थ्य के आधार पर विकसित करते हुए अन्य ग्रामों के मध्य आदर्श एवं प्रेरणास्पद केन्द्र बनाते हुए अन्य ग्रामों के मध्य स्वस्थ्य प्रतिस्पर्धा उत्पन्न करना उद्देश्य है।



## नगर पालिका अध्यक्ष एवं पार्षदों ने किया वार्डो का भ्रमण कर सफाई के दिए निर्देश

**बड़नगर।** नगर पालिका अध्यक्ष अभय टोंग्या एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी एम.आर.निंगवाल द्वारा बुधवार को निकाय के वार्ड क्रमांक 15 एवं 16 में भ्रमण कर वार्डवासियों की समस्याओं से अवगत हुवें। उक्त वार्डों में साफ-सफाई एवं अन्य समस्याओं के निराकरण हेतु नगर पालिका के उपयंत्री विनोद पोरवाल, नरेन्द्र सिरसवाल प्रभारी दरोगा, कुंदन गोसर को निर्देश दिये गये। भ्रमण के दौरान विभिन्न वार्डों में समस्त वार्डों के हेडपंप को उचित पानी की निकासी एवं रिपेयर किए जाने के निर्देश दिए गए हैं साथ ही वार्ड 16 में जो निर्माण कार्य चल रहे नाला का निरीक्षण किया गया। जिसको माली समाज धर्मशाला के आगे पुलिया तक जोड़ने के भी कार्य योजना बनाने के लिए निर्देश दिए गए हैं । वार्ड 16 में सफाई कर्मचारी के द्वारा नियमित नाली की सफाई न करने के संबंध में कर्मचारी के विरुद्ध उचित कार्रवाई करने के निर्देश स्वच्छता प्रभारी को दिए गए । इस अवसर पर वार्ड पार्षद अजय दौराया, पार्षद प्रतिनिधी राजेश परमार, रामप्रसाद राठोर उपस्थित थें।

## मॉर्निंग स्टार विद्यालय में 25वर्ष संचालित होने पर उत्सव मनाया गया



**खाचरोद।** मॉर्निंग स्टार स्कूल खाचरोद के गौरवशाली 25 वर्ष पूर्ण होने पर पर दो दिवसीय वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें 27 तारीख को बाल मेले का आयोजन किया गया। मेले मे आकर्षक स्टॉल बच्चों द्वारा लगाई गई। झुला, चकरी आदि पर बच्चों ने सफारी की गई तथा दिनांक 28 तारीख को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतीथि नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद भरावा बीईओ गुरुदत्त जी जोशी भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मनीषा जी शर्मा वार्ड पार्षद राकेश राठौड़ आदि ने कार्यक्रम मैं पधार कर विद्यार्थियों द्वारा दी गई प्रस्तुतियों की खूब सराहना की इस अवसर पर स्वागत भाषण समिति अध्यक्ष सैयद अली द्वारा दिया गया। उसके पश्चात विद्यालय के स्थापना से लेकर आज तक की रूपरेखा पूर्व प्रधानाध्यापक रईस मिर्जा बेग द्वारा की गई बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिनकी सराहना अतिथियों द्वारा की गई जिसमें विभिन्न स्कूलों के प्रधानाध्यापक संचालक उपस्थित हुए अंत में विद्यालय प्रधानाध्यापक मयंक कुमार गौतम द्वारा आभार माना गया इस अवसर पर विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे ।

## वार्ड क्रमांक 7 में सड़क एवं पेयजल पाइप लाइन डालने के कार्य का शुभारंभ



**खाचरौद।** नगर के वार्ड 07 में सड़क एवं पेयजल पाइप लाइन डालने के कार्य का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष गोविन्द भरावा ने किया।उक्त जानकारी देते हुए नगर पालिका अध्यक्ष भरावा ने बताया कि नगर के वार्ड 07 के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र शासकीय चिकित्सालय के पीछे की ओर स्वामी जी की नोरे के पास वाली गली में पेयजल पाइप लाइन डालने के कार्य का एवं सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। भरावा ने आगे बताया कि उक्त क्षेत्र में आज तक पेयजल की पाइप लाइन नही थी टेंकरों के माध्यम क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति की जा रही थी साथ क्षेत्रवासियों की कई वर्षों की तपस्या के बाद उक्त क्षेत्र सड़क निर्माण का कार्य भी होगा। सम्भवतः 31 जनवरी तक दोनों कार्य पूर्ण कर दिए जावेंगे।इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष दिनेश ठन्ना, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि राहुल मेहता, राजेन्द्र धाकड़, बाबू नागर, भैरूलाल मदारिया सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

## अनुसूचित जनजाति हितग्राहियों को गणतंत्र दिवस पर अतिथि बनाया

**महिदपुर।** केन्द्र सरकार की योजना अंतर्गत मध्यप्रदेश के सभी जिलों में धरती आभा ग्राम (जनजाति ग्राम) घोषित किये गये है। उज्जैन में भी 8 ग्राम धरती आभा ग्राम घोषित हुए है जिसमें आदिम जाति कल्याण विभाग की जिला संयोजक द्वारा महिदपुर तहसील के ग्राम रुद्रखेड़ा से



बाबूलाल पिता नाथूसिंह डाबी, पत्नि श्रीमती कमलाबाई अनुसूचित जनजाति वर्ग के हितग्राहियों का चयन नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस पर विशेष अतिथि के रुप में किया गया। वे नई दिल्ली में प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रपति के मुख्य आतिथ्य में लालकिले पर गणतंत्र दिवस के मुख्य कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इन्हे विभागीय अधीक्षक नारायणलाल चौहान वाहन से छोड़ने गये और लेकर आये।

प्रभावित किसानों को प्रति हेक्टेयर उचित एवं त्वरित मुआवजा बिना किसी देरी के प्रदान किया जाए।

# भारी ओलावृष्टि से फसलें बर्बाद, किसानों के अरमानों पर फिरा पानी

### फसल बीमा से जुड़े मामलों में बीमा कंपनियों को तत्काल भुगतान के स्पष्ट निर्देश दिए जाएं

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शाजापुर





आसमान से शाम के समय अचानक हुई ओलावृष्टि से क्षेत्र में काफी तबाही हुई। कुदरत के इस कहर ने सबसे ज्यादा चोट अन्नदाता पर की है। क्षेत्र में गेहूं की लहलहाती फसलें अब खेतों में बिछ गई हैं, जिससे किसानों की महीनों की मेहनत और पूंजी दोनों डूबती नजर आ रही है। मंगलवार शाम को हुई ओलावृष्टि इतनी जबरदस्त थी कि गेहूं की बालियां टूटकर गिर गईं और पौधे जमीन पर आड़े पड़ गए। प्रभावित किसानों ने अपना दर्द बयां करते हुए कहा, हमने अपने जीवन में इतनी भीषण ओलावृष्टि कभी नहीं देखी। चंद मिनटों के ओलों ने हमारी पूरी मेहनत मिट्टी में मिला दी।

#### झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वालों का आशियाना उखड़ा

आफत की बारिश और आंधी ने केवल खेतों को ही नहीं, बल्कि शहर के गरीब तबके को भी भारी नुकसान पहुंचाया है। विशेष रूप से वार्ड क्रमांक 5 के पटेलवाड़ी क्षेत्र में स्थिति काफी गंभीर रही। तेज हवाओं के कारण कई परिवारों की झुग्गियों पर डली तिरपालें उड़ गईं, जिससे उनका घरेलू सामान और राशन पूरी तरह भीगकर बर्बाद हो गया। कड़ाके की ठंड के बीच अब इन परिवारों के सामने छत का संकट खड़ा हो गया है।

#### अभी और बढ़ सकती है मुश्किलें

मौसम विशेषज्ञ सत्येंद्र धनोतिया ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण 30 और 31 जनवरी को जिले में फिर से बादल छाने और हल्की बारिश की संभावना बनी हुई है।

#### बीमा कंपनी का टोल नंबर जारी

जिले के समस्त किसानों से कलेक्टर ऋतु बाफना ने अनुरोध किया है कि जिनकी भी फसल प्राकृतिक आपदा अतिवृष्टि एवं ओलावृष्टि से प्रभावित हुई है, वे होने वाले फसल नुकसान की जानकारी प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत भारतीय फसल बीमा कंपनी के टोल फ्री नंबर 14447 या वाट्सऐप चैट नंबर 7065514447 या फिर क्रॉप इंश्युरेंस ऐप के माध्यम से अनिवार्य रूप शिकायत दर्ज कराएं। उन्होंने जिले के किसानों से अनुरोध किया है कि शिकायत दर्ज करते समय लगने वाले आवश्यक दस्तावेजों जिनमें किसान की फसल बीमा पॉलिसी नंबर, किसान का आधार कार्ड, किसान का सर्वे नंबर एवं किसान का केसीसी खाता नंबर साथ रखें।

देवास

किसान कांग्रेस कमेटी को पूर्ण विश्वास है कि राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन इस संकट की घड़ी में किसानों के साथ खड़ी होगी और शीघ्र राहत घोषणाएं कर किसानों को संबल प्रदान करेगी अगर किसानो के साथ उचित न्याय नहीं हुआ तो जल्द किसान कांग्रेस किसानों के साथ मिलकर एसडीएम एवं तहसील कार्यालय का घेराव करेंगी इस अवसर पर किसान नेता गब्बर चौहान जितेंद्र गोठी विजेंद्र सिंह मुरादपुर बृजपालसिंह राजावत श्रवण सिंह चौहान भेरू सिंह योगेंद्र सिंह लाखन सिंह जितेंद्र मुकाती अरविंद सिंह देवकरण कैलाश पुराण की गोपीलाल जी बाबूलाल इंदर माखनलाल दीपेंद्र सिंह गजराज सिंह नरेंद्र सिंह शंकरलाल राजेंद्र अंशराज राजेश गामी मनोहर गोठी आदि किसान साथी एवं किसान कांग्रेस के साथी उपस्थित हुए।

सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन के शोध अध्येयता

## उज्जैन के उभरते चित्रकार सोलंकी गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर सम्मानित

दैनिक अवन्तिका ▶▶ महिदपुर




संस्कार भारती द्वारा सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन के शोध अध्येयता, उज्जैन के उभरते चित्रकार तिलकराज सोलंकी को गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर सम्मानित किया गया। संस्कार भारती महानगर इकाई द्वारा प्रतिवर्ष गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर भारत माता पूजन का कार्यक्रम शहीद पार्क पर आयोजित किया जाता है ।

इस अवसर पर उज्जैन के प्रतिभावान कलाकार को सम्मानित किया जाता है, इस वर्ष सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के चित्रकला विभाग के शोध अध्येयता तिलक राजसिंह सोलंकी को सम्मानित किया गया। इन्हें सम्मान पत्र और 5001 रुपए की राशि सम्मान स्वरूप भेंट की गई । यह राशि ईश्वर पटेल वरिष्ठ समाजसेवी के द्वारा कवि अशोक भाटी, अखिल भारतीय संस्कार भारती के सह कोष प्रमुख श्रीपाद जोशी, योगेंद्र पिपलोनिया, संजय शर्मा के द्वारा प्रदत की गई । इस अवसर पर विशेष रूप से महानगर इकाई की अध्यक्ष श्रीमती माया बधेका द्वारा सम्मानित सदस्य के माता-पिता का भी सम्मान किया गया तिलकराज सिंह सोलंकी उज्जैन के वरिष्ठ पुरातत्वविद डॉक्टर रमन सोलंकी के पुत्र हैं ।

तिलक राजसिंह सोलंकी ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने पर संस्कार भारती महानगर उज्जैन इकाई द्वारा आयोजित शत समर्पण कार्यक्रम में चित्र लाइव बनाया था उसके प्रतिफल में संस्कार भारती महानगर इकाई उज्जैन द्वारा उन्हें उज्जैन के सर्वश्रेष्ठ युवा चित्रकार एवं 5001 की राशि से सम्मानित किया गया । तिलक राज सिंह सोलंकी अश्विनी शोध संस्थान महिदपुर के न्यासी होकर उपाध्यक्ष दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं । इस अवसर पर न्यास के अध्यक्ष एवं संस्था के निदेशक डॉक्टर आर सी ठाकुर ने हृदय से धन्यवाद देते हुए संस्कार भारती महानगर इकाई उज्जैन का आभार व्यक्त किया ।



## पुलिस ने बबूल की लकड़ियों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की

**शाजापुर।** वन विभाग द्वारा अवैध उत्खनन और परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत शुजालपुर वन परिक्षेत्र की टीम को एक बड़ी सफलता मिली है। वन परिक्षेत्र अधिकारी के नेतृत्व में गश्त के दौरान टीम ने अवैध रूप से बबूल की लकड़ी ले जा रही एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वन विभाग का अमला क्षेत्र में सतत निगरानी और गश्त पर था। इसी दौरान ग्राम रामडी से बकायन रोड की ओर जा रही एक संदिग्ध ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोका गया। जांच करने पर ट्रॉली में भारी मात्रा में गीली बबूल की लकड़ियां भरी पाई गईं। चालक द्वारा लकड़ी के परिवहन से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज या अनुमति पत्र पेश नहीं किया गया। अवैध परिवहन पाए जाने पर वन विभाग की टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली को अपने कब्जे में ले लिया। वन अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर वाहन को लकड़ी सहित रेंज ऑफिस शुजालपुर परिसर में खड़ा कराया गया है।

## ऑनलाइन ट्रेडिंग के जाल में फंसा व्यापारी, 29.49 लाख की धोखाधड़ी

**शाजापुर।** शहर में ऑनलाइन ठगी का एक बड़ा मामला सामने आया है, जहां एक मोबाइल शॉप संचालक को अधिक मुनाफे का लालच देकर साइबर ठगों ने करीब 29 लाख 49 हजार रुपए की चपत लगा दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वार्ड क्रमांक 4 निवासी फरियादी राहुल गोठी ने बताया कि 5 जनवरी को उनके वॉट्सऐप पर दो अज्ञात नंबरों से एक लिंक प्राप्त हुआ था। ठगों ने खुद को ट्रस्ट क्वाइन नामक ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म का प्रतिनिधि बताया और राहुल को इथिरियम ट्रेडिंग में भारी मुनाफे का झांसा दिया। आरोपियों ने शुरूआत में राहुल से कम निवेश करवाया और उस पर मुनाफा दिखाकर राशि उनके बैंक खाते में ट्रांसफर भी की। इस छोटी सी सफलता से व्यापारी का भरोसा जीत लिया गया। इसके बाद ठगों ने कमीशन, एडवांस चार्ज और बड़ी ट्रेडिंग के नाम पर अलग-अलग चरणों में यूपीआई, फोन-पे और आरटीजीएस के माध्यम से विभिन्न बैंक खातों में पैसे जमा करवाए। पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है।

## नेत्र शिविर में 130 मरीजों की आंखों की जांच

**शुजालपुर।** सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय संत हिरदाराम नगर द्वारा नेत्र जांच केंद्र शुजालपुर मंडी में स्वर्गीय तुलसी कोटवानी की स्मृति में निशुल्क नेत्र शिविर आयोजित किया। जिसमें 130 मरीजों की आंखों की जांच डॉक्टर जसवंत यादव, नेहा सोनी ने कर 41 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चयनित किया, जिनको बाद में बस द्वारा संत हिरदाराम नगर भेजा गया, जहां उनके भोजन, आवास, दवाई, चश्मा आदि की व्यवस्था निशुल्क की जावेगी। शिविर का शुभारंभ संत हिरदारामजी के चित्र पर माल्यार्पण कर शिविर संयोजक मनोज कोटवानी, शाखा प्रबंधक एसबीआई अशोक कुमार सिंह, संदीप



अग्रवाल, सेवा सदन जिला प्रभारी खुशीराम आचार्य ने किया। शिविर में हरिनारायण परमार, सुरेश परमार, ओमप्रकाश राजपूत आदि का सहयोग रहा। कोटवानी परिवार द्वारा मरीजों को कंबल भी वितरित किए गए।

# ससुराल वालों से तंग आकर युवक ने की आत्महत्या की कोशिश

### वीडियो जारी कर ससुर-साले को बताया जिम्मेदार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शाजापुर



शहर की द्वारका कॉलोनी में पारिवारिक कलह का एक गंभीर मामला सामने आया है। बुधवार दोपहर एक युवक ने मुरादपुरा रोड पर जहर खाकर जान देने की कोशिश की। जहर खाने से ठीक पहले युवक ने दो वीडियो रिकॉर्ड किए, जिसमें उसने रोते हुए अपनी आपबीती सुनाई और अपनी हालत के लिए ससुर और साले को जिम्मेदार ठहराया। युवक की हालत नाजुक बनी हुई है और उसे प्राथमिक उपचार के बाद इंदौर रेफर कर दिया गया है।

#### वीडियो में सीएम और प्रशासन से लगाई गुहार

पीड़ित की पहचान द्वारका कॉलोनी निवासी गौरव शर्मा के रूप में हुई है। आत्महत्या के प्रयास से पहले जारी किए गए वीडियो में गौरव ने प्रशासन और मुख्यमंत्री से इंसाफ की मांग की है। उसने वीडियो में कहा, मैं आज अपना जीवन समाप्त करने जा रहा हूं। मेरी इस स्थिति के लिए सिर्फ मेरे ससुर जिम्मेदार हैं, जिन्होंने मेरा घर-परिवार बर्बाद कर दिया। मेरे साले कपिल व्यास ने भी कभी नहीं चाहा कि मेरा घर बसे। गौरव ने आरोप लगाया कि पति-पत्नी के आपसी झगड़े में ससुराल पक्ष ने राजनीति कर उसका जीवन नर्क बना दिया है। उसने अपने ससुर और साले के लिए सजा-ए-मौत की मांग की है।

#### सड़क पर बेहोश युवक को पहुंचाया अस्पताल

जानकारी के मुताबिक बुधवार दोपहर गौरव बाइक लेकर मुरादपुरा-भरड़ रोड की तरफ गया था। वहां उसने जहर का सेवन कर लिया, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई और वह सड़क पर ही बेहोश होकर गिर पड़ा। वहां से गुजर रहे राहगीरों ने उसे पहचाना और तुरंत परिजनों को सूचना दी। परिजन उसे निजी वाहन से जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए इंदौर रेफर कर दिया।

#### पहले से चल रहा था पारिवारिक विवाद

पुलिस कोतवाली थाना प्रभारी संतोष वाघेला ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि गौरव और उसके ससुराल पक्ष के बीच पुराना विवाद चल रहा है। पुलिस के अनुसार, दोनों पक्षों की ओर से पहले भी शिकायतें दर्ज कराई गई थीं। जहां गौरव की पत्नी ने उस पर मारपीट का केस दर्ज कराया था, वहीं गौरव ने भी अपने ससुर और साले के खिलाफ प्रताड़ना का आवेदन थाने में दिया हुआ था। पुलिस ने गौरव द्वारा रिकॉर्ड किए गए दोनों वीडियो को जांच में शामिल कर लिया है और मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।




## केरियर मेला एवं केरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का शुभारंभ

**महिदपुर।** शासकीय यशवंत उत्कृष्ट उमावि महिदपुर में कक्षा 9वी से 12वीं तक के समस्त विद्यार्थियों के लिए केरियर मेला एवं केरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य किशोर कुमार परमार और केरियर काउंसलर के रूप में आईटीआई औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भीमखेड़ा से प्रशिक्षण अधिकारी नरेंद्र सिंह वैशाले एवं बालचंद बेगा द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पश्चात दोनों अतिथियों का प्राचार्य महोदय के द्वारा पुष्पमाला से स्वागत किया कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को शैक्षणिक एवं व्यावसायिक शिक्षा कोशल मार्गदर्शन प्रदान करना एवं कक्षा 12वीं के पश्चात विषय चयन संबंधी समस्याओं का समाधान करना रहा इस अवसर पर कक्षा 9वी से 12वीं तक समस्त छात्रों को अलग-अलग केरियर स्टॉल के माध्यम से विभिन्न विषयों की जानकारी प्रदान की गई एवं मार्गदर्शी शिक्षकों के द्वारा छात्रों को व्यावसायिक शिक्षा एवं उसकी उपयोगिता एवं अनुभव संबंधी जानकारी भी प्रदान की ।कार्यक्रम में समस्त स्टाफ उपस्थित रहा कार्यक्रम संचालन राजेश कमलकर शिक्षक ने किया।आभार वरिष्ठ शिक्षक सुनील कुमार दुबे ने व्यक्त किया!

## संदीपनी विद्यालय में कैरियर मेले में व्यवसायिक शिक्षा की दी जानकारी




**सुसनेर।** सांदीपनी विद्यालय सुसनेर में करियर मेले के दूसरे दिन बुधवार 28 जनवरी को आई टी आई कॉलेज के प्राचार्य समीर कुमार ने कौशल के महत्व और व्यावसायिक शिक्षा से सम्बंधित सुक्ष्म जानकारी प्रदान की। स्थानीय व्यवसायी पुनीत मोदानी ने व्यवसाय की बारीकियों को समझाया, जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक सत्यनारायण सोनी ने समाज सेवा में करियर के अवसर समझाए। सत्र का संचालन डॉक्टर पुनीत शुक्ला ने किया और आभार अनिल सोनी ने माना। संस्था के वोकेशनल ट्रेनर जगदीश पाटीदार ने भी मार्गदर्शन दिया। करियर मेले में संस्था के प्राचार्य नरेंद्र लोहार सहित सभी शिक्षक उपस्थित थे।

## प्रोग्रेसिव पेंशनर संघ का मिलन समारोह संपन्न



**सुसनेर।** प्रांतीय प्रोग्रेसिव पेंशनर संघ एवं जिला प्रोग्रेसिव पेंशनर संघ आगर के आह्वान पर शाखा सुसनेर का वार्षिक मिलन समारोह गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में स्थानीय श्री विश्वकर्मा मंदिर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के पूजन एवं आराधना से हुई तत्पश्चात अतिथि देवो भव का स्वागत किया गया। स्वागत भाषण संघ के अध्यक्ष राणा महेंद्र सिंह ने देते हुए संघ की गतिविधि से अवगत कराया। मुख्य अतिथि प्रोग्रेसिव पेंशनर संघ आगर के प्रहलादसिंह चौहान, कैलाश राठौड़, नलखेड़ा शाखा के शब्बीर मोहम्मद अजमेरी, रमेशचंद दुबे थे। कार्यक्रम को प्रहलाद सिंह जी चौहान कैलाश चंद्र राठौर, शब्बीर मोहम्मद अजमेरी, गुलाबचंद जैन, कन्हैयालाल उपाध्याय, भंवरलाल कारपेंटर एवं डॉक्टर भावसार सुसनेरी ने संबोधित करते हुए संघ को मजबूत करने एवं शासन से अपने अधिकार की लड़ाई लड़ने का आह्वान किया। तत्पश्चात 80 वर्ष से ऊपर आयु वाले पेंशनर उमाशंकर श्रीवास्तव, भंवरलाल कारपेंटर, कन्हैयालाल उपाध्याय, मोहम्मद इस्माइल खान एवं डॉक्टर श्यामलाल भावसार का शाल और श्रीफल से अभिनंदन किया गया।

## प्रतियोगिताएं आयोजित की बच्चों ने उत्साहित होकर खेले खेल

**शुजालपुर।** उड़ान महिला शैक्षणिक व सामाजिक कल्याण समिति ने फ्रीगंज स्थित राम वन में नन्हे मुन्ने बच्चों के साथ गणतंत्र दिवस उत्सव मनाया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित करते हुए बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान बच्चों ने उत्साहित होकर पासिंग बाल खेल खेला, जिसमेंप्रथम स्थान पर माही पांचाल, द्वितीय वंदना सूर्यवंशी ,तृतीय रिया मालवी रही, 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान पर कृष्णपाल परमार, द्वितीय अमन केवट, तृतीय अमित सोंधिया रहे। बच्चों ने राष्ट्रीय भावना से ओत- प्रोत गीत, कविता, भाषण, कहानी सुनाई, जिसमें प्रथम स्थान पर खुशी ठाकुर, द्वितीय मीनाक्षी, तृतीय पूर्वी रही। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ज्योति कुशवाहा, आंगनबाड़ी सहायिका बसंती का स्वागत चंदा सक्सेना, हरभजन कौर, कृष्णा शास्त्री, अभिलाषा श्रीवास्तव ने किया। समिति सदस्य लता राठौड़, वंदना चौहान, अलका देशमुख, अंजू खत्री, लाज खत्री, श्रुति शास्त्री, शीतल विजयवर्गीय, मधु मंडलोई आदि उपस्थित थे।

'हेरा फेरी 3' को लेकर फैंस काफी बेचैन हैं और वो इसके बारे में अपडेट चाहते हैं। अब परेश रावल ने फिल्म को लेकर बड़ी जानकारी दी है। साथ ही अक्षय कुमार से अपने विवाद पर भी उन्होंने बात की। जानिए क्या कुछ कहा...

# अब अक्षय की वजह से अटकी 'हेरा फेरी 3'?

## फिल्म को लेकर परेश रावल ने दी बड़ी अपडेट, बाबू भैया पर कही ये बात

हेरा फेरी 3' का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म की घोषणा के बाद से ही फैंस फिल्म के बारे में हर छोटी-बड़ी अपडेट जानने को उत्सुक रहते हैं। हालांकि, पिछले साल परेश रावल के फिल्म से हटने की बात सामने आने के बाद फैंस को झटका लगा था। लेकिन अब बाद में वो फिर से फिल्म में शामिल हो गए। हालांकि, इसके बाद भी फिल्म की शूटिंग को लेकर अब तक कोई जानकारी सामने नहीं आई है, जिससे फैंस थोड़ा चिंतित हैं। अब परेश रावल ने फिल्म को लेकर बड़ी अपडेट साझा की है।





### बाबू राव के बिना 'हेरा फेरी 3' संभव नहीं

अपने किरदार बाबू राव के बारे में बात करते हुए परेश रावल ने कहा कि उनके बिना 'हेरा फेरी 3' नहीं बन पाएगी। बाबू राव के बिना फिल्म बनाना एक विपदा होगी। लेकिन विनम्रता से भी मैं कह रहा हूं कि अगर वे बाबू राव के बिना हेरा फेरी बना रहे हैं, तो यह एक आपदा होगी। अगर दोनों पक्षों के बीच मामला सुलझ जाता है, तो मैं पेपर्स पर साइन कर दूंगा। यह 100% होगा।

### परेश रावल के फिल्म छोड़ने पर उठा था विवाद

यह विवाद तब शुरू हुआ था जब मई 2025 परेश रावल ने प्रियदर्शन के साथ क्रिएटिव मतभेदों के चलते 'हेरा फेरी 3' से बाहर निकलने का फैसला किया। परेश रावल ने दावा किया कि उन्हें अब अपनी भूमिका आकर्षक नहीं लग रही थी। उस समय खबरें आई थीं कि अक्षय ने परेश रावल के अचानक बाहर निकलने के कारण उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने पर विचार किया था। हालांकि, जून 2025 में खबर आई कि परेश रावल ने प्रोजेक्ट में फिर से काम शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि मामले सुलझ गए हैं और निमार्ताओं से प्रशंसकों की पसंदीदा फ्रेंचाइजी की लोकप्रियता का सम्मान करने का अनुरोध किया। लेकिन बात यहीं खत्म नहीं हुई। सितंबर 2025 में 'हेरा फेरी 3' का निर्माण रुक गया जब परेश रावल ने कुछ समय के लिए फिर से प्रोजेक्ट छोड़ दिया। हालांकि, प्रियदर्शन ने पुष्टि की कि कोई व्यक्तिगत विवाद नहीं था, उन्होंने इस उथल-पुथल का कारण बाहरी दबावों को बताया। बाद में खबर आई कि शूटिंग फरवरी 2026 में शुरू होगी।

### अक्षय और प्रोड्यूसर के बीच अटका है मामला

'द लावारी शो' से बातचीत में परेश रावल ने फिल्म को लेकर कहा कि 'हेरा फेरी 3' ट्रैक पर है, लेकिन कुछ शर्ते हैं। अभिनेता स्पष्ट किया कि फिल्म में देरी का कारण वह नहीं हैं, बल्कि अक्षय और निर्मातांओं के बीच अनसुलझे मामले हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि फिल्म सही दिशा में आगे बढ़ रही है और जल्द ही इसकी शूटिंग शुरु हो जाएगी। फिल्म छोड़ने के बाद अक्षय द्वारा उन पर 25 करोड़ का मुकदमा दायर करने पर भी परेश रावल ने प्रतिक्रिया दी। मामले में शामिल रकम पर जोर देते हुए उन्होंने अक्षय कुमार को ही इस परेशानी का जिम्मेदार ठहराया और इसे तकनीकी समस्या बताया। उन्होंने कहा कि यह सब जो इस बीच हुआ कि अक्षय कुमार ने मुझ पर 25 करोड़ रुपये का मुकदमा कर दिया है, ठीक है ना, ये तो बस कछुआ छाप अगरबत्ती की तरह है। परेश ने कहा कि अक्षय और निमार्ताओं से जुड़े मुद्दे के सुलझने के बाद वह कॉन्ट्रैक्ट पर साइन करने के लिए तैयार हैं।

### अक्षय, परेश और सुनील शेट्टी की तिकड़ी की होगी वापसी

साल 2000 में शुरू हुई 'हेरा फेरी' फ्रेंचाइजी की पिछली दोनों फिल्मों में अक्षय कुमार, परेश रावल और सुनील शेट्टी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए हैं। इसीलिए जब 'हेरा फेरी 3' की घोषणा हुई तो मेकर्स ने साफ किया कि राजू, बाबू भैया और श्याम के किर-दार में अक्षय कुमार, परेश रावल और सुनील शेट्टी ही नजर आएंगे। वहीं फिल्म का निर्देशन भी प्रियदर्शन ही करेंगे, जिन्होंने पहली 'हेरा फेरी' को भी निर्देशित किया था। हालांकि, इन विवादों के चलते फिल्म की शूटिंग अभी तक शुरू नहीं हो पाई है और फैंस का इंतजार बढ़ता जा रहा है।

# आत्मकथा लिख रहे रजनीकांत, संघर्ष के दिनों से सुपरस्टार तक का सफर करेंगे साझा

साउथ के सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म 'जेलर 2' जल्द रिलीज होने वाली है। अब रजनीकंत की बेटी सौंदर्या रजनीकांत ने एक इंटरव्यू में बताया कि जल्द रजनीकांत अपनी आत्मकथा फैंस के बीच ला सकते हैं। एक्टर इसपर काम कर रहें हैं। सौंदर्या रजनीकांत अपनी आने वाली फिल्म 'विथ लव ' के प्रमोशन के लिए आई थी। फिल्म मेकर ने बताया कि इस आत्मकथा में 'थलाइवा' के वो पहलू भी सामने आयेगें जिन्हें कोई नहीं जानता।

हाल ही में गलाटा को दिए अपने इंटरव्यू में सौंदर्या ने अपने पिता रजनीकंत का जिक्र किया। सौंदर्या ने कहा कि रंजनीकांत अपनी आत्मकथा पर काम कर रहें हैं। फिल्म मेकर ने 'थलाइवा' के फैंस को बताया कि सुपरस्टार जल्द ही अपनी आत्मकथा को फैंस के बीच ला सकते है।




जिसमें वो ये बताएगें कि किस तरह एक बस के कंडक्टर से फिल्मी दुनिया के सुपरस्टार तक का सफर तय किया। साथ ही इसमें वो अपने जीवन के उन घटनाओं के बारे में भी बताएगें जिन्हें उनके फैंस नहीं जानते।

### निर्देशक लोकेश कनगराज ने भी दी थी खबर

कुछ समय पहले भी रजनीकांत के आत्मकथा लिखने की जानकारी ' कुली ' के निर्देशक लोकेश कनगराज ने भी दी थी। उन्होंने बताया था कि फिल्म ' कुली ' के प्रमोशन के दौरान रजनीकांत अपनी आत्मकथा में व्यस्त थे। आगे निर्देशक ने यह भी कहा कि वो हर रोज रजनीकांत को ' कुली ' के सेट पर कुछ लिखता हुआ देखते थे।

## मालव्य राजयोग

# एक द्वीप पर दो लोगों की जंग, सर्वाइवल से ज्यादा मनोवैज्ञानिक खेल पर फोकस




सेंड हेल्प' पहली नजर में एक साधारण सर्वाइवल हॉलीवुड फिल्म लगती है। प्लेन क्रैश होता है, दो लोग बचते हैं और वे एक सुनसान द्वीप पर पहुंच जाते हैं लेकिन कहानी जैसे-जैसे आगे बढ़ती है, साफ हो जाता है कि यह सिर्फ जंगल, भूख और मुश्किलों से जूझने की कहानी नहीं है। फिल्म असल में दो लोगों के बीच पुराने तनाव, ईगो और दबे हुए गुस्से की कहानी है। लिंडा (रैचल मैकएडम्स) और ब्रैडली (डायलन ओब्रायन) की आपसी तकरार और बदलते रिश्ते ही फिल्म का असली आकर्षण बन जाते हैं।

### कहानी

फिल्म की शुरूआत एक विमान दुर्घटना से होती है जिसमें सिर्फ दो लोग बचते हैं, लिंडा (रैचल मैकएडम्स), जो मेहनती है लेकिन ऑफिस में अक्सर अनदेखी की जाती है। उसका बॉस ब्रैडली (डायलन ओब्रायन), जो अहंकारी है और हमेशा खुद को सही मानता है। दोनों एक सुनसान द्वीप पर फंस जाते हैं। यहां शुरूआत में उन्हें पानी, खाना और मौसम जैसी बुनियादी चीजों से जूझना पड़ता है।

समय के साथ उन्हें समझ आता है कि असली चुनौती प्रकृति से जुड़ी नहीं, बल्कि एक-दूसरे से निपटना भी है। ऑफिस में दबी हुई कड़वाहट इस नए माहौल में और तेज हो जाती है। दोनों को एक-दूसरे की मदद भी चाहिए और एक-दूसरे से दूरी भी। कहानी धीरे-धीरे सर्वाइवल से हटकर एक मनोवैज्ञानिक खींचतान में बदल जाती है, जिसमें दोनों खुद को भी बचाना चाहते हैं और सामने वाले पर भी नजर रखनी पड़ती है।

### अभिनय

रैचल मैकएडम्स ने लिंडा का रोल बहुत सहजता से निभाया है। वह शांत, समझदार और हालात संभालने में सक्षम दिखती हैं। फिल्म में यह बताया जाता है कि वह हमेशा किसी सर्वाइवल रियलिटी शो में जाना चाहती थी, जिससे उसकी स्किल्स काफी हद तक वास्तविक लगती हैं। लेकिन उसके अंदर डर, गुस्सा और भावनात्मक टूटन भी दिखती है, जो उसे और मानवीय बनाती है।

डायलन ओब्रायन का किरदार ब्रैडली कई बार समझ नहीं आता। कभी अच्छा लगता है, कभी अचानक गुस्सा हो जाता है। उसका व्यवहार हर समय बदलता रहता है। उसके इस बदलते व्यवहार से कहानी में लगातार तनाव बना रहता है। दोनों कलाकारों की केमिस्ट्री असहज है और यही फिल्म का सबसे जरूरी हिस्सा भी बन जाती है।




सोफी एलिसा हीली को रिप्लेस करेंगी। हीली भारत के खिलाफ सीरीज के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह देंगी। भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे की शुरूआत 15 फरवरी से होगी।

# स्टार ऑलराउंडर सोफी बनीं ऑस्ट्रेलियाई टीम की नई कप्तान, भारत के खिलाफ शुरू करेंगी अभियान

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम को नई कप्तान मिल गई है। स्टार ऑलराउंडर सोफी मोलिनी को गुरुवार को अगले महीने वनडे विश्व चैंपियन भारत के खिलाफ होने वाली टी20 सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम का कप्तान नियुक्त किया गया और इस घरेलू सीरीज के बाद वह एलिसा हीली की जगह सभी प्रारूपों में कप्तानी संभालेंगी। हीली ने घोषणा की थी कि भारत के खिलाफ खेलने के बाद वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लेंगी। भारत के खिलाफ वह तीन वनडे और एक टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तानी करेंगी। भारत के खिलाफ होने वाली सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया की सभी प्रारूपों के लिए टीमों की घोषणा गुरुवार को की गई।





### भारत का ऑस्ट्रेलिया दौरा

भारत का ऑस्ट्रेलिया दौरा 15 फरवरी को सिडनी में शुरू होने वाली तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज से शुरू होगा। बाकी दो मैच 19 और 21 फरवरी को क्रमशः कैनबरा और एडिलेड में खेले जाएंगे। तीन मैचों की वनडे सीरीज 24, 27 फरवरी और एक मार्च को खेली जाएगी। पहला मैच ब्रिस्बेन के एलन बॉर्डर फील्ड में जबकि अगले दो मैच होबार्ट के बेलेरिव ओवल में खेले जाएंगे। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच एकमात्र टेस्ट मैच पर्थ के प्रतिष्ठित वाका ग्राउंड में छह से नौ मार्च तक खेला जाएगा।

### मैकग्रा उपकप्तान के रूप में बरकरार

इसके बाद मार्च में वेस्टइंडीज के दौरे पर 28 साल की मोलिनी सभी प्रारूपों में ऑस्ट्रेलिया की कप्तान होंगी। ताहलिया मैकग्रा को टी20 में उपकप्तान के रूप में बरकरार रखा गया है, जबकि एक अन्य स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर एशले गार्डनर को भी टी20 में ही उपकप्तान नियुक्त किया गया है। निकोला कैरी ने सीमित ओवरों के प्रारूप में वापसी की है, जबकि दिल्ली कैपिटल्स की टीम में शामिल 19 वर्षीय लूसी हैमिल्टन को टेस्ट टीम में शामिल किया गया है।

### फीबी चोटिल होने के बावजूद टीम में

चयनकताओं ने बाएं हाथ की बल्लेबाज फीबी लिचफील्ड को चोटिल होने के कारण मौजूदा महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) से बाहर होने के बावजूद सभी प्रारूपों में अपनी टीमों में शामिल किया है। अलाना किंग को टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम से बाहर कर दिया गया है। मेगन शट, ग्रेस हैरिस और हीथर ग्राहम वनडे टीम में शामिल नहीं हैं। मोलिनी महिला बिग बैश लीग में सबसे कम उम्र की कप्तान रह चुकी हैं। उन्होंने मेलबर्न रेनेगेड्स में मेग लैनिंग से कप्तानी संभाली और बाद में विक्टोरिया का नेतृत्व किया।

# आइसलैंड क्रिकेट ने इस तरह लिए पीसीबी के मजे, विश्व कप पर क्यों जल्द फैसला लेने कहा

**नई दिल्ली।** आइसलैंड क्रिकेट ने टी20 विश्व कप का बहिष्कार करने की धमकी को लेकर पाकिस्तान के मजे लिए हैं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अब तक अपना रुख स्पष्ट नहीं किया है जबकि टी20 विश्व कप की शुरूआत होने में अब ज्यादा समय भी शेष नहीं रह गया है। हाल ही में पीसीबी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मुलाकात की थी।

### पीसीबी के रुख का इंतजार

पीसीबी ने अब तक अपना रुख स्पष्ट नहीं किया है, लेकिन इसे लेकर अब आइसलैंड क्रिकेट ने पाकिस्तान के मजे लिए हैं। उन्होंने मजाक में कहा कि अगर 2009 की चैंपियन टीम टी20 विश्व कप में नहीं खेलती है तो आइसलैंड उनकी जगह लेने के लिए तैयार है। आइसलैंड क्रिकेट ने एक्स पर लिखा, 'हमें वाकई पाकिस्तान से टी20 विश्व कप में भाग लेने के बारे में जल्द फैसला लेने की जरूरत है। जैसे ही वे दो फरवरी को नाम वापस लेंगे हम तुरंत रवाना होने के लिए तैयार हैं, लेकिन उड़ान का शेड्यूल इतना जटिल है कि सात फरवरी तक कोलंबो समय पर पहुंचना हमारे लिए बहुत मुश्किल होगा।' इतना ही नहीं आइसलैंड क्रिकेट ने उनके ट्रेवल प्लान का स्क्रीनशॉट भी शेयर किया।



### आईसीसी ने बांग्लादेश को दिखाया था बाहर का रास्ता

आईसीसी ने हाल ही में बांग्लादेश को विश्व कप से बाहर कर दिया था क्योंकि उसने भारत में खेलने से इनकार कर दिया था। आईसीसी ने बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड टीम को शामिल किया था। बांग्लादेश ने सुरक्षा का हवाला देते हुए भारत की यात्रा करने से इनकार कर दिया था और आईसीसी से उसके मुकाबले श्रीलंका में कराने की मांग की थी। आईसीसी ने बांग्लादेश का यह प्रस्ताव खारिज कर दिया था। पाकिस्तान इस मामले में कूदा और बांग्लादेश का समर्थन करते हुए आईसीसी को ही घेरने लगा।

### क्यों ड्रामा कर रहा है पाकिस्तान?

पाकिस्तान का ड्रामा बांग्लादेश विवाद के साथ ही शुरू हुआ। पाकिस्तान खुलकर बांग्लादेश की मांग के समर्थन में उतरा था। आईसीसी ने जब बांग्लादेश की मांग को लेकर बोर्ड की बैठक में वोटिंग कराई तो पाकिस्तान ने बांग्लादेश के पक्ष में वोट दिया।

पाकिस्तान का यह कदम भी बांग्लादेश के काम नहीं आ सका और आईसीसी ने अंत में बांग्लादेश के टूनार्मेंट से बाहर कर दिया। बांग्लादेश के बाहर होने से पाकिस्तान बौखला गया और उसने आईसीसी पर पक्षपात का आरोप लगाया।

पीसीबी प्रमुख मोहसिन नकवी ने कहा कि उनकी टीम का खेलना पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के फैसले पर निर्भर है। नकवी ने कहा कि वह अपनी सरकार के फैसले को मानेंगे और उसी के अनुसार विश्व कप में खेलने पर फैसला लेंगे।

**आवश्यकता है**
अनुभवी कर्मचारियों की जिसमें अनुभव हो वही संपर्क करें सैलरी 10000 से 15000 प्रति माह
पाल किराना उन्हेल रोड भेरूगढ़
मो. 9907525081

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर
किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**आवश्यकता है**
कागज पत्तल बनाने हेतु पुरुष एवं महिलाओं की
पेपर ग्लास मशीन ऑपरेटर की
पैकिंग हेतु महिलाओं की
हेल्पर हेतु लड़को की
शीघ्र संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 इंडस्ट्रियल एरिया मक्सी रोड प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क
मो.9575477077

**कृषि भूमि बेचना है**
• उज्जैन से मात्र 16 किमी पर 5 बीघा ग्राम आँवलिया में मात्र 22 लाख रुपये बीघा
• 25X60 का प्लॉट बेचना है एमपी नगर में
• 13X50 का मकान बेचना है मक्सी रोड एम आर 5 रोड पर
• 17X30 तीन मंजिला मकान बेचना है मेन रोड पर सांदीपनी नगर एम आर 5 रोड पर
मो. 9301388290, 9340903559

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**अमरूद बेचना है**
अमरूद का बगीचा जवासिया कुमार, लालपुर, उज्जैन में चार बीघा में करीब 400 अमरूद के पेड़ अच्छी बहार आई फल बेचना है।
: संपर्क :
7746856444

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क
9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### नीट की तैयार कर रहे छात्र ने किया सुसाइड

**इंदौर।** इंदौर में रहकर नीट की तैयारी कर रहे 20 वर्षीय छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। छात्र अपने किराए के कमरे से पूरे दिन बाहर नहीं निकला, जिसके बाद मकान मालिक ने पुलिस और परिजनों को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कमरे की तलाशी ली, लेकिन कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मामले की जांच जारी है। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान योगेश डाबर (20) पुत्र मूलचंद डाबर के रूप में हुई है, जो खंडवा नाका क्षेत्र में किराए के कमरे में रहकर पढ़ाई कर रहा था। गुरुवार को योगेश के आत्महत्या करने की सूचना मिली, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्ट मार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने योगेश का मोबाइल फोन जब्त किया है, जो लॉक अवस्था में है। फिलहाल मोबाइल से कोई जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आत्महत्या के कारणों को लेकर हर पहलू से जांच की जा रही है। मृतक के पिता मूलचंद डाबर ने बताया कि वे मूल रूप से बड़वानी जिले के रहने वाले हैं। वे एमपीईबी में कार्यरत हैं और खेती भी करते हैं।

# घर में आग लगने से अकाउंटेंट की मौत

## गैस सिलेंडर की लीक से लगी आग की लपटों में जिंदा जला 45 वर्षीय रमेश शर्मा

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**



बाणगंगा थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में 45 वर्षीय रमेश शर्मा की घर में लगी आग में जिंदा जलने से मौत हो गई। रमेश निजी कंपनी में अकाउंटेंट के रूप में कार्य करते थे और अपने परिवार के साथ उसी मकान में रहते थे। घटना के समय वे घर में अकेले थे, क्योंकि उनकी पत्नी और बच्चे कुछ दिनों के लिए रिश्तेदारों के यहां गए हुए थे। पुलिस के अनुसार, सुबह करीब साढ़े छह बजे मोहल्ले के लोगों ने रमेश के घर से धुआं उठते देखा तो तुरंत पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही बाणगंगा पुलिस मौके पर पहुंची। इससे पहले कुछ स्थानीय लोग भी घर तक पहुंचे और आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन घर अंदर से बंद होने के कारण वे भीतर नहीं जा सके। बताया जाता है कि रमेश रोज की तरह सुबह चाय बनाने के लिए रसोई में गए थे। आशंका है कि गैस सिलेंडर की नली से लीकेज हो रही थी और जैसे ही चूल्हा जलाया गया, एकाएक आग भड़क उठी। रसोई में तेज लपटें और घना धुआं भर जाने से रमेश बाहर नहीं निकल सके और उसी में झुलसकर गिर पड़े। जब पुलिस और फायर ब्रिगेड ने दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया, तो रमेश को गंभीर रूप से झुलसी हालत में पाया गया। उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मौके की जांच में रसोई में रखे गैस सिलेंडर के पास जली हुई नली और अन्य सामान मिला है, जिसके आधार पर पुलिस ने प्रारंभिक रूप से आग लगने का कारण गैस लीक माना है। फिलहाल बाणगंगा पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही, सिलेंडर और गैस कनेक्शन से जुड़ी तकनीकी जांच के लिए संबंधित एजेंसी और फोरेंसिक टीम को भी सूचित किया गया है। पुलिस का कहना है कि जांच रिपोर्ट और परिजनों व पड़ोसियों के बयान के बाद ही हादसे के कारणों का पता चलेगा।


पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटनें मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

जय माता दी
नाकोडा हिल्स कॉलोनी देवास रोड पर 20X60 पश्चिम दिशा का रजिस्ट्री करा हुआ पूर्ण वैध प्लाट खरीदने के लिए संपर्क करें। संपर्क करें
मो. 6262369656

आवश्यकता है
(1) अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की
कार्य समय: दोपहर 12 से शाम 6
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की जिसको एकाउंट का ज्ञान हो
कार्य समय: सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)
बागड़िया न्यूज़ एजेंसी
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

खुश खबर खुश खबर खुश खबर
उज्जैन व्यापार मेला
आइये और पाइये वर्ष 2026 की सबसे बेहतरीन डील
आर.टी.ओ. टैक्स पर 50% की छूट
इसके अलावा और भी अन्य लाभ प्राप्त करने के लिए आज ही अपनी मारुती सुजुकी कार मॉडल तय कर बुक करे,
मेले का लाभ वाहन उपलब्ध होने पर ही दिया जायेगा, तो आज ही अपना वाहन बुक करे और मेले का लाभ प्राप्त करे।
युग कार्स (मारुति शो-रूम)
नागझिरी देवास रोड, उज्जैन
मोबाइल: 7389901262, 9755510100, 9752530200
मारुति ऑउटलेट उज्जैन तहसील
नागदा : नागदा बाईपास जावरा रोड 9009140508
तराना : तोतला मार्ग 9589090827
बड़नगर : रुनिजा रोड 9993566820
महिदपुर : घोंसला रोड, नारायण सिंह सोलंकी 9109107176
खाचरौद : पटेल नगर बड़नगर रोड 9993566910
घट्टिया : जगोटी रोड के पास, आगर रोड 8959600100
इंगोरिया : उज्जैन - नागदा रोड, इंगोरिया 9340294804

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

खुश खबर खुश खबर खुश खबर
आयुष क्लिनिक
AYUSH CLINIC (REG.)
CHOPATI INGORIYA
बवासीर (खूनी/बादी) भगन्दर रोग निदान तथा प्रति चिकित्सा समय 11:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक पाइल्स (बवासीर), फिशर, फिश्चुला (भगन्दर) पाइलोनीडल साइनस गुदा का बाहर निकलना, गुदा का चर्मरोग आदि गुदा रोगों के निदान तथा चिकित्सा हेतु का आयोजन किया गया है।
गुदगत रोग के प्रमुख लक्षण — शौच के बाद दर्द होना, खुजली,खून गिरना, मस्सा फूल जाना, गुदा के आस पास फुंसी होना तथा उसमे से पानी (PUS DISCHARGE) होना आदि।
प्रमुख कारण — कब्ज होना, अनुवांशिक, इन्फेक्शन होना, सा प्रसुति के बाद अथवा बार बार दस्त लगना आदि।
डॉ.दिनेश कुमार जोशी
बी. एस. सी. बी. ए.एम.एस.
*क्षार सूत्र में ट्रेंड* (पारूल यूनिवर्सिटी)
* क्षार सूत्र में ट्रेंड * (डॉ. के. वी. एस. राव) गुरु (अखिल भारतीय विद्यापीठ न्यू दिल्ली)
पता => शा. हॉस्पिटल के सामने इंगोरिया चौपाटी (इंगोरिया)
Contract number
9752438839
9752738839

कैलाश ॐ शिव शंकर यात्रा प्राइवेट लिमिटेड
7/1 परदेशीपुरा, मैन रोड, इंदौर
9302065100 - 9827072550 - 9589614200
एक धाम जगन्नाथपुरी, गंगासागर, कोलकाता यात्रा विवरण
यात्रा सुविधाएं
- दो समय भोजन, एक समय चाय नाश्ता
- टूर गाइड सुविधा
- आवास हेतु (Non AC) 4 बेड वाले रूम की सुविधा
- टेम्पो ट्रेवलर अथवा बस द्वारा भ्रमण
- आने जाने की स्लीपर ट्रेन टिकट
यात्रा प्रस्थान - 11, 25 मार्च 8,17,29 अप्रैल 2026
- प्रथम दिवस : इंदौर रेलवे स्टेशन से प्रस्थान पुरी हेतु दोपहर 3 बजे
- दूसरा दिन : पुरी आगमन, रात्रि विश्राम पुरी
- तीसरा दिन : समुद्र स्नान, जगन्नाथ मंदिर दर्शन सिंह द्वार एवं कोणार्क सूर्य मंदिर, भुवनेश्वर में लिंगराज मंदिर रात्रि विश्राम ट्रेन अथवा स्लीपर बस में
- चौथा दिन: कलकत्ता आगमन गंगासागर में सागर स्नान, कपिल मुनि मंदिर दर्शन रात्रि गंगासागर
- पांचवा दिन :कालीमाता मंदिर, विक्टोरिया मेमोरियल, हावड़ा ब्रिज
- छठा दिन :कलकत्ता से वापसी ट्रेन
इस यात्रा के अंत में जो यात्री नेपाल काठमांड बनारस यात्रा करना चाहेंगे उनके लिए 6000 रु प्रति सवारी अतिरिक्त
यात्रा शुल्क 15,500 प्रति सवारी
3 सी यात्रा (एसी होटल एवं गाडी सहित) किराया 22,500 रु प्रति सवारी

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

स्थान परिवर्तन
नया स्थान : शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मटेरियल के पास, सोनी पेंट्स, एम.आई.जी. रोड, इंदौर
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिरोलिया
जोड़ एवं फ्रेक्चर हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय प्रति मंगलवार और शुक्रवार समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

BCM
Kokilaben Dhirubhai Ambani hospital
INDORE
Every Life M

बेहतर स्वास्थ्य के लिए समर्पित सेवा के
सफलतम 3 वर्ष
इंदौर, आपके द्वारा हम पर किए गए विश्वास के लिए धन्यवाद।
आपके सहयोग से हेल्थकेयर में हम सफलतापूर्वक 3 वर्ष पूर्ण कर चुके हैं और मना रहे हैं अपना
स्थापना दिवस
शनिवार, 31 जनवरी 2026
मुख्य अतिथि :
श्री शैलेश लोढ़ा
अंतरराष्ट्रीय कवि एवं अभिनेता
प्रवेश केवल आमंत्रण द्वारा
चिकित्सा सेवाओं में नए आयाम :
- 1,00,000+ लोगों के जीवन को छुआ, विश्वास के साथ
- स्थानीय चिकित्सा समुदाय के 10,000+ सदस्यों के साथ मिलकर निरंतर आगे बढ़े
- कम्युनिटी आउटरीच के माध्यम से हॉस्पिटल की सीमाओं से बाहर 55,000+ लोगों तक पहुँचे
- अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप उत्कृष्ट परिणामों के साथ कई जटिल सर्जरी एवं प्रक्रियाओं का सफल संचालन किया
नं. 1, बीसीएम एस्टेट, श्री बादलचंद मेहता मार्ग, निपानिया, इंदौर
/KDAHIndore /KDAHIndore /KDAH.Indore indore.kokilabenhospital.com

उज्जैन में पहली बार मालवा का नया स्वाद
नया व्यंजन
दाल टिक्कड़

कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000


स्वत्वाधिकारी अवंतिका प्रकाशन (भागीदारी फर्म) के लिए प्रकाशक, मुद्रक संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं ए-5 द्वितीय तल विजयनगर मेन रोड इन्दौर (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक : संदीप मेहता, फोन : 0731-4085777, मोबा. 9827771777 e-mail: awantikapressind@gmail.com